सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 102 गुरुग्राम (हरियाणा), 'शनिवार 14 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पंजाब के लोगों से किए झूठे वादे : नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा हरियाणा ने 60 वर्षों में बनाई देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1 नवंबर 1966 को हरियाणा पंजाब से अलग होकर एक नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था। उस समय अनेक लोगों के मन में यह चिंता थी कि सीमित संसाधनों के साथ हरियाणा किस प्रकार अपनी पहचान बना पाएगा, लेकिन आज 60 वर्षों के सफर में हरियाणा ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। हरियाणा ने अपनी हीरक जयंती के अवसर पर विकास, समृद्धि और जनकल्याण के नए संकल्प लिए हैं। हाल ही में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भी हीरक जयंती समारोह में भाग लेकर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब, होशियारपुर के दसूहा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हर दसवें जवान का संबंध हरियाणा से है। खेलों के क्षेत्र में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियन गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया है। देश को पदक दिलाने में हरियाणा के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उद्योग और निवेश के क्षेत्र में भी हरियाणा एक प्रमुख गंतव्य बनकर उभरा है। दुनिया की कोई भी कंपनी भारत में निवेश करना चाहती है तो उसकी प्राथमिकताओं में हरियाणा शामिल रहता है।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय इन पार्टियों द्वारा जनता से बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को पूरा करने के बजाय प्रचार और विज्ञापन पर अधिक ध्यान दिया जाता है। आज नशे की समस्या विकराल हो चुकी है। युवाओं को रोजगार देने के वादे भी पूरे नहीं हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में पंजाब के लोगों को जिन समस्याओं से जूझना पड़ा है, उनका जवाब इन पार्टियों को जनता को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने जनता से किए गए 217 संकल्पों में से 74 संकल्प पूरे कर दिए हैं और शेष 143 संकल्पों पर तेजी से काम किया जा रहा है। महिलाओं के सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के वादे किए, लेकिन पंजाब में महिलाओं को आज भी अपने हक की राशि के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं में नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज युवाओं में प्रतिभा और ऊर्जा की कोई कमी नहीं है, जरूरत उन्हें सही दिशा देने की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवा नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने छह महीने में नशा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन पंजाब में नशे की समस्या समाप्त होने के बजाय लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब के अनेक लोग उनसे मिलकर शिकायत करते हैं कि नशे के कारोबार के खिलाफ शिकायत करने पर शिकायतकर्ताओं को ही परेशान किया जाता है और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जाते हैं। देश के युवाओं को नशे से बचाना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। हरियाणा में युवाओं को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हर महीने एक लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी वाली मैराथन के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और नशे से दूर रहने का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब में आई बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि संकट की उस घड़ी में केंद्र सरकार ने पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये और हिमाचल प्रदेश के लिए 1,500 करोड़ रुपये की सहायता दी थी। इसके बावजूद पंजाब सरकार की ओर से सहायता राशि को लेकर सवाल उठाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार को जनता को बताना चाहिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता और पुनर्वास के लिए इन संसाधनों का कितना उपयोग किया गया और विज्ञापन एवं होर्डिंग पर कितना खर्च किया गया।

इस बार पंजाब में चुटकुलों वाली नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी की विकास वाली सरकार बनाएंगे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने पंजाब के जालंधर में आयोजित जनसभा को किया संबोधित



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरवरी में होने वाले पंजाब के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां के नशा कारोबारी या तो यह काम छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे। पंजाब और हरियाणा में नशे के सौदागर नहीं रहने दिए जाएंगे। पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार पंजाब में चुटकुलों वाली नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी की विकास वाली सरकार बनाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात शुक्रवार को पंजाब के जालंधर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि छह महीने में नशा खत्म कर दिया जाएगा लेकिन यहां हर दिन नशे की दलदल बढ़ती गई जिसमें यहां की युवा पीढ़ी धंसती चली गई लेकिन सरकार के पास नशा खत्म करने के लिए न तो कोई नीति है और न ही नीयत है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने 2029 तक देश से नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है जिसे पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत नीति बनाई जा रही है। इस प्रकार के बड़े संकल्पों को केवल भाजपा सरकार ही पूरा कर सकती है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस केवल झूठे वादों के सहारे वोट लेना ही जानती हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले चुनाव में वादा किया था कि पंजाब के 25 लाख युवाओं को नौकरी देंगे लेकिन आज मुख्यमंत्री टेलीविजन पर गर्व से बताते हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में 60 हजार नौकरियां दी हैं। यह नौकरियां भी प्रभावशाली लोगों के बच्चों को भ्रष्टाचार के सहारे मिली है जिससे मेहनती व गरीब युवाओं के सपनों को सरकार ने रौंद दिया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने पंजाब में कितने मौहल्ला क्लीनिक खोले, इनमें कितने लोगों का मुफ्त इलाज हुआ और लोगों को यहां क्या-क्या सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा की 3 करोड़ आबादी में से डेढ़ करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए हैं जिन्हें हर साल 5 लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा है। इसके तहत अब तक 40 लाख लोगों ने मुफ्त इलाज करवाया है जिस पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 6000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव से पहले भाजपा ने महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया था जिसे सरकार बनते ही दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना बनाकर पूरा किया गया। सरकार ने अपने पहले ही बजट में इसके लिए 5000 करोड़ रुपये तथा दूसरे बजट में 6500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। अब तक इसके तहत 10 लाख से अधिक महिलाओं को 2500 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने 5 साल पहले महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था जिसे अब चुनाव सिर पर आने के समय वोट लेने की नीयत से लागू किया गया है।

भाजपा उत्तर प्रदेश में फिर सरकार बनाने जा रही है : अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो



- लोकसभा चुने प्रतिनिधियों के लिए बहस करने का मंच, वहां ये लोग या तो शोर मचाते हैं या फिर वॉकआउट कर जाते हैं – मंत्री अनिल विज का राहुल गांधी पर तंज

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भीम आर्मी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के गठबंधन की चर्चा पर बयान दिया और कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में फिर सरकार बनाने जा रही है, कोई भी उठक-बैठक करे भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाने जा रही है और लोगों ने मन बना रखा है कि भारतीय जनता पार्टी को वोट देनी है। अब कोई भी उठक-बैठक करते रहे, भारतीय जनता पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लोकसभा चुने प्रतिनिधियों के लिए बहस करने का मंच, वहां ये लोग या तो शोर मचाते हैं या फिर वॉकआउट कर जाते हैं – मंत्री अनिल विज का राहुल गांधी पर तंज

वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को बहस की चुनौती देने के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोकसभा चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए बहस करने का मंच है। यह लोग या तो वहां शोर मचाते हैं या फिर वॉकआउट कर जाते हैं। इन्हें अपनी बात रखने के लिए वहां कौन रोकता है।

भारतीय जनता पार्टी पंजाब में पूरी तरह से तैयार और पंजाब में भी भारतीय जनता पार्टी ही चुनाव जीतेगी : अनिल विज

पंजाब चुनाव में आम आदमी पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह उनका अंदरूनी मामला है और हमें उससे कुछ लेना-देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी पंजाब में पूरी तरह से तैयार है और पंजाब में भी भारतीय जनता पार्टी ही चुनाव जीतेगी।

मंत्री अनिल विज का दिग्विजय चौटाला के बयान पर पलटवार: "जनता ने जिन्हें दुत्कार दिया, उन्हें सुझाव देने का अधिकार नहीं"

दिग्विजय चौटाला द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पंजाब में जाने के बयान पर पलटवार करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि दिग्विजय चौटाला और उनकी पार्टी को जनता ने दुत्कार दिया है, बल्कि सारे हरियाणा में हरा दिया है। अब इन्हें इस प्रकार का सुझाव देने का अधिकार नहीं है और वैसे भी यह भाजपा का अंदरूनी मामला है। भारतीय जनता पार्टी ने सोच-समझ कर ही मुख्यमंत्री बनाया है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: विकास और विरासत के रंग में रंगा हरियाणा पवेलियन

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तेजी से हो रहे विकास की मिलेगी झलक

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2026 में हरियाणा पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। विकास और विरासत के थीम पर सजाए गए हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

पवेलियन में हरियाणा की संस्कृति के साथ-साथ प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास की झलक देखने को मिलेगी। पवेलियन के भीतर एक विशाल खुले आंगन के चारों ओर प्रदर्शनी क्षेत्र विकसित किया गया है। पवेलियन की विशेष पहचान पारंपरिक हरियाणवी चौपाल है। ग्रामीण परिवेश में बनी इस चौपाल में गांव की झलक देखने को मिलेगी, जो प्रदेश की सामाजिक मेलजोल, सामूहिक भागीदारी और आपसी भाईचारे की परंपरा को दर्शाती है तथा आगंतुकों को हरियाणा के ग्रामीण जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक देती है।

एआई और एआर सेल्फी बूथ, इंटरैक्टिव क्विज से जुड़ रहे आगंतुक: ट्रेड फेयर अथारिटी आफ हरियाणा के सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि तकनीक को पवेलियन की प्रस्तुति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल स्क्रोलर और एलईडी दीवारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की उपलब्धियों और प्रगति को दर्शाया जा रहा है। कायनेटिक इन्फॉर्मेशन वॉल हरियाणा की विकास गाथा को गतिशील दृश्य रूप में प्रस्तुत करती है। आगंतुकों के लिए एआई आधारित सेल्फी बूथ और एआर आधारित सेल्फी बूथ भी लगाए गए हैं, जहां वे डिजिटल परिवेश के साथ जुड़कर अपना अनुभव यादगार बना सकते हैं। इसके अलावा इंटरैक्टिव डिजिटल क्विज के माध्यम से लोग हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, उपलब्धियों और विकास के बारे में रोचक जानकारी हासिल कर सकते हैं।

तेजी से हो रहे विकास की दिखेगी झलक: सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि पवेलियन में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, तेजी से हो रहे विकास की झलक बेहद आकर्षक तरीके से प्रस्तुत की गई है। इसके साथ-साथ स्पोर्टस का पावर हाउस कहे जाने वाले हरियाणा की तस्वीर भी देखने को मिलेगी। 22 नवंबर को व्यापार मेले में हरियाणा डे मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी शिरकत करेंगे। इस दौरान हरियाणवी फोक डांस व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और हॉल नंबर-5 में बनाए गए हरियाणा पवेलियन को जरूर विजिट करें।

जिलों में अधिकारी पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु बरतें विशेष सतर्कता

ओपन सर्च/ब्यूरो

- फसल अवशेष प्रबंधन समीक्षा, निगरानी बढ़ाने और फील्ड स्टाफ को अलर्ट रहने के दिए निर्देश
- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कई जिलों का दौरा कर ली जानकारी

चंडीगढ़। प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए राज्य स्तर पर संबंधित अधिकारियों को अगले कुछ दिनों तक विशेष तौर पर सतर्कता बरतने तथा फील्ड अधिकारियों को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई एवं लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायतें जारी की गई हैं।

वायु गुणवता आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि जिलों में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए कि किसी भी जिले में पराली जलाने की घटनाएं सामने न आएं। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से किसानों के साथ संवाद कर पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुष लगाए ताकि प्रदेश का वायु गुणवता स्वच्छ एवं नियत्रंण में रहे। उन्होंने बताया कि राज्य वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पदाधिकारी जिला स्तर पर जाकर फसल अवशेष प्रबंधन व वायु गुणवत्ता विषय को लेकर जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। अब तक प्रदेश के कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, जींद, हिसार, रोहतक, हांसी और फतेहाबाद जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं कृषि अधिकारियों के साथ बैठक लेकर फसल अवशेष प्रबंधन एवं पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे कार्यो एवं प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई है।

30 साल में सरकारी स्कूलों की बदली तस्वीर, अब 94 प्रतिशत तक पहुंचा परीक्षा परिणाम : महीपाल ढांडा

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को लेकर बनी धारणा अब बदल रही है। वर्ष 2013-14 में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 32 से 38 प्रतिशत तक रहता था, जो अब बढ़कर 90 से 94 प्रतिशत तक पहुंच गया है। करीब 30 साल बाद सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का नजरिया बदलने लगा है। मंत्री शुक्रवार को गन्नौर (सोनीपत) के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एनुअल एजुकेशनल फेस्ट में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। अब यह धारणा टूट रही है कि सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई नहीं होती।

उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में जो क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है, उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने सदियों पुरानी पारंपरिक और रट्टामार शिक्षा पद्धति को बदलकर एक ऐसी व्यवस्था को जन्म दिया है, जो विद्यार्थी की आंतरिक क्षमताओं को उभारती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 'स्किल इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने हमारे युवाओं को जॉब सीकर से बदलकर जॉब क्रिएटर बनने की प्रेरणा दी है। आज देश का युवा तकनीकी रूप से सक्षम हो रहा है, और भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा और युवाओं के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के विकास की धुरी हमारे युवा हैं।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के सवाल पूछने के तरीके, आत्मविश्वास और राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों की समझ की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और लोकतांत्रिक व्यवस्था की समझ विकसित करती हैं। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र सिंह कादियान, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, बीईओ सुरजीत घणघस, बीआरसी आजाद दहिया, स्कूल प्रिंसिपल जगबीर देशवाल, माईराम कौशिक, तरुण देवीदास, तरुण कौशिक और पवन कुमार मौजूद रहे।

सुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मिलेगा सम्मान, 51 हजार रुपये तक की नकद राशि

सरकारी कर्मचारी 25 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, नवाचार और बेहतर प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2026 (हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2026) अधिसूचित की है। इस योजना के तहत असाधारण एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने वाले सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2026 के तहत नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर, 2026 निर्धारित की गई है। हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2026 के तहत राज्य स्तर पर दो श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें राज्य फ्लैगशिप पुरस्कार और राज्य पुरस्कार शामिल हैं। दोनों श्रेणियों में अधिकतम पांच-पांच पुरस्कार प्रदान किए जा सकेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना का लाभ हरियाणा सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों, वैधानिक प्राधिकरणों, मिशन, समितियों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण वाले सार्वजनिक उपक्रमों के पात्र कर्मचारियों को मिलेगा। इसमें ग्रुप-ए, बी, सी और डी के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा, अधिसूचना में निर्धारित विभिन्न माध्यमों से नियुक्त संविदात्मक कर्मचारियों को भी पात्रता दी गई है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2026 के तहत पुरस्कारों के लिए कर्मचारियों के प्रदर्शन की मूल्यांकन अवधि 1 जनवरी, 2025 से 30 अक्तूबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और योजनाओं के प्रभाव के आधार पर आवेदनों पर विचार किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर, 2026 निर्धारित की गई है। राज्य स्तर और जिला स्तर के पुरस्कारों के लिए विजेताओं का चयन अधिमानत 15 दिसंबर, 2026 तक पूरा किया जाएगा।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को मारी टक्कर, सिक्योरिटी गार्ड की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। घामड़ौज टोल प्लाजा के पास गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार 59 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी रखवा दिया और ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, घामड़ौज निवासी सतीश सिंह गुरुग्राम की एक सिक्योरिटी एजेंसी में काम करते थे। पुलिस को दी शिकायत में शिवम ने बताया कि उसके पिता सतीश सिंह 13 नवंबर को सुबह करीब 5:10 बजे स्कूटी से ड्यूटी पर गुरुग्राम जा रहे थे। इसी दौरान घामड़ौज टोल प्लाजा के पास गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक भी वहां मौजूद था। घायल सतीश सिंह को उपचार के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर भोंडसी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) और 281 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

अवैध हथियार सहित काबू

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सोहना क्राइम ब्रांच ने गुरुग्राम में अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनीष उर्फ कल्लो (24), निवासी गांव घामडौज, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर को टीम ने मुंबई एक्सप्रेसवे के पास आर साई ट्रांसपोर्ट यार्ड के नजदीक कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। इसके बाद थाना भोंडसी में आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह अवैध हथियार एक अन्य व्यक्ति से पांच हजार रुपए में खरीदा था। पुलिस अब हथियार बेचने वाले व्यक्ति की पहचान और उसके नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम में शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की आगे की जांच कर रही है।

बेल जंपर गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने बेल जंपर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दिया। दरअसल, बिलासपुर थाना में दर्ज एक मामले में आरोपी राजस्थान के खैरथल जिले के चौपनकी निवासी सद्दाम को अदालत ने जमानत पर रिहा किया था। अदालत ने उसे अगली पेशी पर उपस्थित होने के आदेश दिए थे, लेकिन आरोपी निर्धारित तारीख पर अदालत में पेश नहीं हुआ। अदालत के न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने पर उसे बेल जम्पर घोषित कर दिया गया था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गुरुग्राम की पटौदी मार्केट के पास से गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश कर दिया।

अवैध स्मैक सहित युवक धरा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) सिकंदरपुर की टीम ने एक युवक को 5.39 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अर्जुन (24), निवासी गांव कन्हई, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो हजार रुपए भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर को टीम ने गांव कन्हई स्थित रॉयल रेजिडेंसी के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। बरामद मादक पदार्थ के आधार पर थाना सेक्टर-40 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे स्मैक किसी अन्य व्यक्ति ने बेचने के लिए दी थी। इसके बदले उसे बिक्री पर मुनाफे के अनुसार रुपए मिलने थे। हालांकि, इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम में पहले से शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशे की सप्लाई करने वाले अन्य व्यक्ति की पहचान और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

अवैध गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-14 पुलिस ने 280 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सान मोहम्मद निवासी भरतोली, जिला एटा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वह फिलहाल गुरुग्राम के राजीव नगर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर को टीम ने सेक्टर-12 चौक के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 280 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद थाना सेक्टर-14 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और बरामद गांजा एक अन्य व्यक्ति से लेकर आया था। उसकी योजना गांजे को छोटी-छोटी मात्रा में बेचने की थी। पुलिस अब उस व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है, जिससे आरोपी ने गांजा लिया था।

सुरक्षा रथ के जरिए 100 वाहन चालकों को किया जागरूक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर में सडक़ हादसों और यातायात जाम पर अंकुश लगाने के तहत ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा रथ के माध्यम से सुपर मार्ट चौक, आईटीआई चौक और कृष्णा चौक पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 100 वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों को रॉन्ग साइड ड्राइविंग, लेन नियमों की अनदेखी और अवैध पार्किंग से होने वाले हादसों और जाम के खतरों के बारे में बताया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से सडक़ पर अनुशासन बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। ऑटो, टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों को विशेष रूप से समझाया गया कि हाईवे पर सर्विस लेन का इस्तेमाल करें और अन्य सडक़ों पर बाईं ओर की लेन में वाहन चलाएं। इसके अलावा सडक़ पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने तथा सवारियों को निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही उतारने व बैठाने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, सुरक्षा रथ के जरिए शहर के अलग-अलग इलाकों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ उन्हें रोजमर्रा के सफर में नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है।

शराब पार्टी के बाद आपसी कहासुनी ने लिया मारपीट का रूप, चार आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। आपसी कहासुनी के बाद मारपीट करने के मामले में पालम विहार थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जाहर अहिरवार (34), संतोष अहिरवार (31), अशोक कुमार (32) और सुखदेव अहिरवार (31) के रूप में हुई है। सभी गुरुग्राम के अलग-अलग इलाकों के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को एक व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया कि 9 नवंबर को उसके पास गांव के जाहर का फोन आया था। जाहर ने उससे पैमाइश कराने के लिए आने और संतोष को भी साथ लाने को कहा। शिकायतकर्ता जब वहां पहुंचा तो संतोष पहले से मौजूद था। कुछ देर बाद दो अन्य व्यक्ति भी आ गए। इसके बाद सभी ने शराब पी। आरोप है कि शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर थाना पालम विहार में मामला दर्ज किया गया।

गुरुग्राम को मिली 71 नई इलेक्ट्रिक बसें, 35 बसों का 9 रूटों पर ट्रायल शुरू

बाकी 36 के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी होगी बेहतर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने और प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) के बेड़े में 71 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई हैं। इनमें से 35 बसों का नौ रूटों पर यात्रियों के साथ ट्रायल शुरू हो चुका है, जबकि शेष बसों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में पहली बार इलेक्ट्रिक बसों को जोड़ा गया है, जिससे बढ़ते पॉल्यूशन से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

जीएमसीबीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विश्वजीत चौधरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने से शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इससे नए रूट शुरू करने, मौजूदा रूटों पर कनेक्टिविटी बेहतर बनाने और यात्रियों को सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण अनुकूल और बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए जीएमसीबीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इन रूटों पर शुरू किया गया ट्रायल

इलेक्ट्रिक बसों का ट्रायल नौ रूटों पर शुरू किया जा रहा है। इनमें गुरुग्राम बस स्टैंड से हेलीमंडी होते हुए पटौदी रेलवे स्टेशन तक तथा वापसी, गुरुग्राम बस स्टैंड से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी होते हुए ढाणा मोड़, आईएमटी चौक से द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-99ए स्थित कॉन्सिएंट हैबिटेट से गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-37 (पेस सिटी-2) से मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, कॉन्सिएंट हैबिटेट सेक्टर-99ए से केंद्रीय विहार, भोंडसी पुलिस चौकी से महावीर चौक (गौशाला ग्राउंड) और गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से ढाणा मोड़ तक के रूट शामिल हैं। 25 यात्रियों की क्षमता वाली ये इलेक्ट्रिक बसें फिलहाल सेक्टर-10 स्थित बस डिपो से संचालित की जा रही हैं। ट्रायल के दौरान यात्रियों की प्रतिक्रिया, रूटों की कनेक्टिविटी और बसों की संचालन क्षमता का आंकलन किया जाएगा। इसके बाद इन्हें नियमित सेवा में शामिल करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



0 से 6 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए लगेगा 15 रुपए किराया

इलेक्ट्रिक बसों का किराया आम जनता की सुविधा एवं आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए बेहद किफायती निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत 0 से 6 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए 15, 6 से 13 किलोमीटर तक के लिए 25 तथा 13 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए मात्र 35 किराया तय किया गया है। इस जनहितैषी किराया व्यवस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सुरक्षित, सुविधाजनक, सुलभ एवं किफायती दैनिक यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराना है। साथ ही, यह पहल पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

बेहतर कनेक्टिविटी के साथ पॉल्यूशन से भी मिलेगी राहत

फिलहाल जीएमसीबीएल केतहत 150 सीएनजी बसें शहर में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं दे रही हैं। सिटी बस के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने से बसों के मौजूदा बेड़े की क्षमता बढ़ेगी और नए रूट शुरू करने के साथ यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इन छोटी व इलेक्ट्रिक बसों से आवासीय सेक्टरों को मेट्रो स्टेशन, प्रमुख ट्रांजिट पॉइंट और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़कर लास्ट माइल कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। साथ ही, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी लाने और शहर में स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। जीएमसीबीएल की यह पहल गुरुग्राम शहर में सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

स्कूल से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले लाखों स्टूडेंट्स को मुफ्त परिवहन सुविधा का इंतजार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव हैं, जहां आठवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को दूसरे गांवों के सरकारी स्कूलों के लिए जाना पड़ता है पैदल

गुरुग्राम। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जिन बच्चों के घर और स्कूल के बीच एक किलोमीटर से अधिक की दूरी है, उनके लिए मुफ्त परिवहन की सुविधा बड़ा इंतजार बनी हुई है। योजना के तहत बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानी थी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश भी जारी किए गए और धीरे-धीरे योजना का दायरा बढ़ाकर प्रदेश के सभी ब्लॉकों तक ले जाने की बात कही गई, लेकिन गुरुग्राम में इस योजना का लाभ अब तक विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव हैं, जहां आठवीं से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को दूसरे गांवों के सरकारी स्कूलों में जाना पड़ता है। ऐसे में परिवहन सुविधा नहीं मिलने का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और उनकी नियमित उपस्थिति पर पड़ रहा है। दरअसल, विद्यार्थियों को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने की यह योजना शुरुआत में वर्ष 2018-19 में कक्षा नौवीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य उन छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद देना था, जिन्हें अपने गांव में उच्च या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहीं होने के कारण दूसरे गांव जाना पड़ता था। बाद में सरकार ने योजना का दायरा बढ़ाकर कक्षा पहली से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को इसमें शामिल करने का फैसला किया। वर्ष 2023-24 में इसके विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई और 16 जनवरी 2024 से निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना लागू करने की जानकारी सरकार ने अपने बजट दस्तावेज में भी दी थी।

गुरुग्राम जिले में गुरुग्राम, सोहना, फर्रुखनगर और पटौदी चार शैक्षणिक ब्लॉक हैं। पहले योजना के तहत जिले के एक ब्लॉक में इसे पायलट आधार पर शुरू करने की तैयारी की गई थी। इसके लिए स्कूलों से एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले विद्यार्थियों की सूची, उनके गांव, स्कूल तक आने-जाने का मार्ग और विद्यार्थियों की संख्या जुटाने के निर्देश दिए गए थे। बाद में योजना का विस्तार सभी ब्लॉकों तक करने की बात सामने आई। ऐसे में जिले के चारों ब्लॉकों के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना था। खासकर पटौदी, फर्रुखनगर और सोहना के उन गांवों के विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा महत्वपूर्ण थी, जिन्हें माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा के लिए दूसरे गांवों का रुख करना पड़ता है।

बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देने के लिए मिशन बुनियाद और सुपर-100 में एडमिशन प्रक्रिया शुरू

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देने के लिए शिक्षा विभाग ने मिशन बुनियाद और सुपर-100 योजना के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन दोनों योजनाओं में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों को 50 बहुविकल्पीय सवाल हल करने होंगे। परीक्षा कुल 200 अंकों की होगी। प्रत्येक सही जवाब पर चार अंक मिलेंगे, जबकि गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा। ऐसे में विद्यार्थियों को सवालों का जवाब देते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी। केवल सवाल हल करना ही नहीं, बल्कि सही विकल्प का चुनाव करना भी उनके लिए अहम होगा।

गुरुग्राम के सरकारी स्कूलों में आठवीं और दसवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मिशन बुनियाद के लिए आठवीं कक्षा के विद्यार्थी 12 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि सुपर-100 के लिए दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि पांच दिसंबर निर्धारित की गई है। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को पात्र विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रवेश परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे और विद्यार्थियों को इनमें से सही विकल्प चुनना होगा। परीक्षा में कुल 50 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न चार अंक का होगा। इस तरह पूरे प्रश्नपत्र के अधिकतम अंक 200 निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा में नकारात्मक अंकन भी रखा गया है। किसी सवाल का गलत जवाब देने पर एक अंक काट लिया जाएगा। ऐसे में विद्यार्थियों को बिना सोचे-समझे विकल्प चुनने से बचना होगा। गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता समेत अलग-अलग विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र ने बताया कि परीक्षा में बहुविकल्पीय सवाल होने के कारण विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रश्न को समझकर सही विकल्प चुनना होगा। केवल याद किए गए उत्तरों के आधार पर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। विद्यार्थियों को अपने विषयों की बुनियादी समझ मजबूत करने के साथ सवालों को हल करने का अभ्यास करना होगा। खासकर गणित और विज्ञान जैसे विषयों में अवधारणाओं की समझ विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहेगी।

सेक्टर-48 में 8.44 ग्राम एमडीएमए के साथ युवक गिरफ्तार

हुंडई ऑरा कार में छिपाकर रखा था नशीला पदार्थ

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की गुरुग्राम यूनिट ने सिंथेटिक नशे की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम के सेक्टर-48 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की पार्किंग से एक युवक को 8.44 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी हुंडई ऑरा कार में नशीला पदार्थ छिपाकर रखा हुआ था। तलाशी के दौरान कार की ड्राइवर सीट के नीचे से पारदर्शी पॉलिथीन में रखी एमडीएमए बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ आरोपी की कार को भी जब्त कर लिया है। यूनिट इंचार्ज निरीक्षक मनीष ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि चरखी दादरी का रहने वाला पवन कुमार एमडीएमए नामक नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री करता है। वह अपनी कार में नशीला पदार्थ छिपाकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-48 की पार्किंग में मौजूद है। इस पर टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंचकर निगरानी शुरू कर दी। मौके पर हुंडई ऑरा कार खड़ी मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए कार में ड्राइवर सीट पर बैठे युवक को काबू कर लिया। आरोपी ने अपनी पहचान पवन निवासी गांव समसपुर, जिला चरखी दादरी के रूप में बताई। आरोपी ने अपने पास तथा कार में नशीला पदार्थ होने की बात से इनकार नहीं किया। इसके बाद नियमानुसार तलाशी लेने पर कार की ड्राइवर सीट के पायदान के नीचे एक पारदर्शी पॉलिथीन मिली। पूछने पर आरोपी ने उसमें एमडीएमए नशीला पदार्थ होना बताया। पुलिस टीम ने बरामद पदार्थ का इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन किया, जो पॉलिथीन सहित कुल 8.44 ग्राम निकला।

डॉग स्क्वाड के साथ गुरुग्राम पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने अर्जुन नगर, राम नगर और न्यू कॉलोनी में विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। डीसीपी वेस्ट वाईवीआर शशि शेखर के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में डॉग स्क्वाड सहित पुलिस की विशेष टीमें शामिल रहीं।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने तीनों क्षेत्रों की गलियों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील इलाकों में सघन तलाशी ली। डॉग स्क्वाड की मदद से विस्फोटक पदार्थों, मादक द्रव्यों और अन्य संदिग्ध सामग्रियों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी।

पुलिस के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखना और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की समय रहते पहचान करना था। यह कार्रवाई शहर में नियमित सुरक्षा जांच और अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियानों का हिस्सा है।

गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या अवांछित गतिविधि सामने नहीं आई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 या नजदीकी पुलिस थाने में दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

गाली-गलौज के विवाद में युवक को अगवा कर पीटा, दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

- अर्जुन नगर पुलिस ने नई बस्ती से दबोचे आरोपी, वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद

गुरुग्राम। नई बस्ती में गाली-गलौज को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करने और उसे स्कूटी पर ले जाकर घर के बाहर फेंकने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान तुषार (25) और साहिल (26), निवासी नई बस्ती, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने 12 नवंबर को अर्जुन नगर पुलिस चौकी में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 11 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे वह वाल्मीकि मंदिर, नई बस्ती के पास बाइक लेकर खड़ा था। इसी दौरान तुषार उर्फ निखिल, साहिल और एक अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और उसे जबरन अपने साथ ले जाने लगे। बचने के प्रयास में वह गिर गया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। बाद में उसे स्कूटी पर डालकर उसके घर ले गए और बाहर फेंककर चले गए। शिकायत के आधार पर थाना न्यू कॉलोनी में मामला दर्ज किया गया। अर्जुन नगर पुलिस चौकी की टीम ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को नई बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शिकायतकर्ता उनके घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। उसे वहां से जाने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं गया। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और मारपीट की गई।

हवा में घुला जहर, सेहत पर भारी पड़ रहा प्रदूषण

भारत के 90 फीसदी से ज्यादा स्वास्थ्य अध्ययनों में बीमारी का खतरा उजागर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। भारत में वायु प्रदूषण अब केवल आंखों में जलन, खांसी और सांस फूलने तक सीमित नहीं है, बल्कि गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक समीक्षा में सामने आया है कि वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य के संबंध पर किए गए 184 अध्ययनों में से 169 में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढऩे की पुष्टि हुई है। यानी 90 फीसदी से अधिक शोधों में प्रदूषण और खराब सेहत के बीच संबंध पाया गया है।

1975 से 2025 के बीच प्रकाशित शोधों पर आधारित इस समीक्षा में भारत की आबादी पर वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों का आकलन किया गया।

सांस की बीमारी से लेकर कैंसर तक खतरा: अध्ययन में सांस संबंधी बीमारियों पर सबसे ज्यादा 86 शोध किए गए। इसके अलावा मृत्यु दर पर 16 और हृदय संबंधी बीमारियों पर 11 अध्ययन हुए। मधुमेह, गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं, बच्चों के कम वजन, कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य और किडनी संबंधी समस्याओं का भी विश्लेषण किया गया।

सरकारी शोधों में भी पुष्टि: सरकारी वित्तपोषण से किए गए 46 अध्ययनों में से 44 में स्वास्थ्य जोखिम बढऩे की बात सामने आई। वहीं, सरकारी संस्थानों से संबद्ध 81 में से 77 अध्ययनों में प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव पाए गए। इनमें आईसीएमआर, एम्स, सीपीसीबी और सीएसआईआर जैसे संस्थान शामिल हैं।

दिल्ली में सबसे ज्यादा अध्ययन, गांव भी प्रभावित:

दिल्ली में सबसे ज्यादा 23 अध्ययन हुए। पंजाब में 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में 11-11 तथा पश्चिम बंगाल में 10 अध्ययन किए गए। हरियाणा और राजस्थान में तीन-तीन अध्ययन हुए। ग्रामीण आबादी पर किए गए 40 अध्ययनों में से 38 में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव सामने आए। इससे साफ है कि प्रदूषण का खतरा शहरों के साथ गांवों में भी बना हुआ है।

गैसीय प्रदूषक भी खतरनाक: शोध में पीएम2.5, पीएम10, ब्लैक कार्बन, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन और सल्फर ऑक्साइड जैसे प्रदूषकों का विश्लेषण किया गया। नाइट्रोजन और सल्फर ऑक्साइड वायुमंडल में रासायनिक प्रतिक्रियाओं से ऐसे कण बनाते हैं, जो पीएम2.5 प्रदूषण बढ़ाते हैं। सीआरईए के विश्लेषक मनोज कुमार ने कहा कि प्रदूषण से निपटने के लिए केवल शहरों पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अगले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल कर एयरशेड आधारित रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने उद्योगों, बिजली संयंत्रों और घरेलू ईंधन से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण तथा पीएम2.5 के लिए स्पष्ट राष्ट्रीय लक्ष्य तय करने पर जोर दिया।

भाजपा नेता सुरेश यादव, लखन सरपंच शिकोहपुर और अनिल यादव ने स्वामी धर्मदेव जी को दी प्रकट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वामी धर्मदेव जी महाराज का मार्गदर्शन समाज के लिए अनमोल धरोहर : सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने लखन सरपंच शिकोहपुर और अनिल यादव के साथ पटौदी स्थित हरि मंदिर में पहुंचकर परम पूज्य स्वामी धर्मदेव जी महाराज को उनके प्रकट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी जी के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुरेश यादव ने कहा कि परम पूज्य स्वामी धर्मदेव जी महाराज का जीवन आध्यात्मिक चेतना, सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित है। उनके विचार और मार्गदर्शन समाज को सदैव धर्म, नैतिकता, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं।स्वामी धर्मदेव जी महाराज का सान्निध्य और उनका आशीर्वाद जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। सुरेश यादव ने कहा कि पूज्य स्वामी धर्मदेव जी महाराज भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और सनातन मूल्यों के सच्चे संवाहक हैं। उनका जीवन त्याग, तपस्या, सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना से ओतप्रोत है। स्वामी धर्मदेव जी महाराज का आध्यात्मिक चिंतन, समाज के प्रति समर्पण और जनमानस को धर्म एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना हम सभी के लिए अनुकरणीय है। सुरेश यादव ने कहा कि आज के व्यस्त और प्रतिस्पर्धा से भरे जीवन में स्वामी धर्मदेव जी महाराज का मार्गदर्शन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहा है। उनके विचार मनुष्य को नैतिक मूल्यों, आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानव सेवा के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। उनके सान्निध्य से आत्मिक शांति के साथ-साथ जीवन में सही मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त हो रही है। सुरेश यादव ने कहा कि स्वामी धर्मदेव जी महाराज का आशीर्वाद और मार्गदर्शन समाज के लिए अमूल्य धरोहर है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि स्वामी जी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करें, ताकि उनका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन लंबे समय तक समाज को मिलता रहे।

डीएलएसए ने भोंडसी के स्कूल में छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के प्रति किया जागरूक

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन नंबर 112 के बारे में दी जानकारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), गुरुग्राम की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोंडसी में पॉक्सो अधिनियम को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए अध्यक्ष नरेंद्र सुरा के निर्देशन में आयोजित किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निशा ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना और ऐसे मामलों में बाल पीड़ितों के लिए सुरक्षित एवं बाल-अनुकूल न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार या घटना की स्थिति में बच्चों को बिना किसी डर या झिझक के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

ऐसी घटनाओं की सूचना संबंधित प्राधिकारियों तक पहुंचाना भी आवश्यक है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और आपातकालीन सहायता नंबर 112 की जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर 24 घंटे सहायता उपलब्ध है। किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार, शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में इस नंबर पर संपर्क कर मदद प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थियों को आवश्यकता पड़ने पर बिना किसी भय या संकोच के इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

हरियाणा सरकार की 14 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट देने की आवश्यकता नहीं : सरफराज खान, जिला समाज कल्याण अधिकारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिला में हरियाणा सरकार की 14 विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित विभाग की 14 विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की औपचारिकता से छूट प्राप्त है।

सरफराज खान ने बताया कि नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की अनिवार्यता हरियाणा सरकार के कोषागार एवं उप-कोषागार कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए है। ऐसे पेंशनर अपने संबंधित खजाना अथवा उप-खजाना कार्यालय में 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा वे स्मार्टफोन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी तैयार कर सकते हैं। बीमार एवं बुजुर्ग पेंशनर, जो कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, वे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के माध्यम से घर बैठे यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कोषागार एवं उप-कोषागार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन तथा समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं अलग-अलग श्रेणियां हैं। इसलिए समाज कल्याण विभाग की 14 योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

हरियाणा पुलिस के एएसआई सुरेश कुमार सुलोदिया हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था द्वारा सम्मानित

ओपन सर्च/ब्यूरो



जींद/चंडीगढ़। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (CRSU), जींद में 'हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था' के तत्वावधान में एक भव्य साहित्यिक अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में हरियाणा पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे सहायक सब-inspector (ASI) सुरेश कुमार सुलोदिया को साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और सुंदर योगदान के लिए विशेष साहित्यिक सम्मान से नवाजा गया।

नेपाल के बाद अब राज्य स्तर पर मिला सम्मान

सुरेश कुमार सुलोदिया इससे पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल से भी सम्मानित हो चुके हैं। उनके इसी साहित्यिक गौरव और बहुमूल्य योगदान को देखते हुए हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था ने उन्हें इस विशेष सम्मान से अलंकृत किया। हालांकि, अपनी पुलिस सेवा और कर्तव्य पालन में व्यस्तता के चलते सुरेश कुमार सुलोदिया इस समारोह में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, उनकी ओर से यह सम्मान डॉ. सुशीला जींद ने ग्रहण किया।

हरियाणवी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने पर जोर

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शिरकत की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रमुखता से इस बात पर जोर दिया कि "हरियाणवी कोई बोली नहीं, बल्कि एक पूर्ण भाषा है," और इसे प्रशासनिक व संवैधानिक स्तर पर इसका वास्तविक दर्जा मिलना समय की मांग है।

गणमान्य लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और साहित्य जगत से कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सुरेश कुमार सुलोदिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा अनुदान : डीसी उत्तम सिंह

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत 45 एचपी या इससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ लेने के लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र किसान विभाग के पोर्टल www.agriharyana.gov.in पर 15 नवंबर से 15 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ महावीर मलिक ने बताया कि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) के चेयरमैन एवं डीसी की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके अलावा किसान के परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में परिवार के किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि होना आवश्यक है। कृषि भूमि का राजस्व विभाग से सत्यापन करवाकर आवेदन के समय उसका विवरण ऑनलाइन अपलोड करना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, घोषणा पत्र तथा अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर ट्रैक्टर खरीद के लिए अनुदान प्राप्त किया गया है तो संबंधित किसान इस योजना के तहत अनुदान का पात्र नहीं होगा।

अशोक बुवानीवाला को दिल्ली में मिलेगा महाराजा अग्रसेन ग्लोबल अवार्ड

-दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की मौजूदगी में 14 नवंबर शनिवार को होगा सम्मान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। समाजसेवा, शिक्षा और संगठन के क्षेत्र में चार दशक से सक्रिय भिवानी के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक बुवानीवाला को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित अग्र अलंकरण समारोह 2026 में यह सम्मान 14 नवंबर को दिया जाएगा। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल और राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल की उपस्थिति रहेगी। भिवानी के लिए यह गौरव की बात है कि समाजसेवा के क्षेत्र में अशोक बुवानीवाला के लंबे योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। कर्मपथ के पथिक अशोक बुवानीवाला का व्यक्तित्व यह संदेश देता है कि शुभ कर्मों के माध्यम से ही मनुष्य जीवन सार्थक बनता है। 22 जून 1969 को भिवानी में जन्में अशोक बुवानीवाला में समाजसेवा का संस्कार बचपन से ही है। व्यवसाय से जुड़ा उनका परिवार समाजसेवा को ही परम ध्येय मानता रहा है। उनके जन्म के समय उनके पिता स्वर्गीय भगीरथमल बुवानीवाला नगर पालिका भिवानी के चेयरमैन थे। पिता की समाजसेवा का प्रभाव अशोक के जीवन पर स्वाभाविक रूप से पड़ा। अशोक का मूल स्थान भिवानी से करीब 20 मील दूर स्थित कस्बा बवानीखेड़ा है। व्यापार के उद्देश्य से पूर्वज भिवानी आए और मूल स्थान की पहचान के रूप में नाम के साथ बुवानीवाला शब्द जुड़ गया। जाति के स्थान पर मूल स्थान को महत्व देता यह उपनाम परिवार द्वारा स्वीकृत हुआ। धर्मपरायण माता शकुंतला देवी का वात्सल्य और कर्मयोगी पिता भगीरथमल बुवानीवाला का अनुशासन, इन दोनों ने मिलकर उनके स्वभाव की निर्मिति की।

पिता की विरासत को आगे बढ़ाना कर्तव्य

नारी शिक्षा को समाज निर्माण की आधारशिला मानने वाले उनके पिता ने भिवानी में आदर्श महिला महाविद्यालय की स्थापना की। उसे ऊंचाइयों पर पहुंचाना अशोक अपना प्रथम कर्तव्य समझते हैं। वे आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी के महासचिव, आदर्श शिक्षा समिति के सचिव तथा वैश्य एडेड प्राइमरी स्कूल, वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्यंकटेश विद्यालय एवं देवालय भिवानी के पदाधिकारी के रूप में शिक्षा के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि भारत की यूनिवर्सिटीज को हार्वर्ड की तर्ज पर विकसित करना एक दीर्घकालिक लेकिन सार्थक लक्ष्य है।

9वीं बार हैं अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष

राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता के लिए अग्रणी संगठन अग्रवाल वैश्य समाज का लगातार 9वीं बार अध्यक्ष मनोनीत होना अशोक बुवानीवाला की प्रसिद्धि और कार्यशैली का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक कई सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज निर्माण की दिशा में काम किया है।

दया, करुणा और सेवा के संस्कार ही सच्ची मानवता की पहचान : आचार्य डॉ. अशोक आर्य

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



पानीपत। आर्य बाल भारती विद्यालय में शुक्रवार को विश्व दयालुता दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दया, करुणा, सहयोग और परोपकार जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष आचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की, जबकि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के उपाचार्य जगदीश आर्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि दयालुता केवल किसी जरूरतमंद की सहायता करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरों के प्रति प्रेम, सम्मान, संवेदना और सहयोग का भाव रखना ही सच्ची मानवता है। समाज में भाईचारे और सद्भाव को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवहार में दयालुता अपनानी चाहिए। विद्यालय अध्यक्ष आचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि दयालुता मनुष्य के चरित्र का सबसे सुंदर आभूषण है। दूसरों के दुख को समझना, जरूरतमंदों की सहायता करना और सभी के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखना ही मानवता का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि बच्चों में बचपन से ही सेवा, सहयोग, परोपकार और दया के संस्कार विकसित करना जरूरी है, ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकें। मुख्य वक्ता ओमदत्त आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव दया, करुणा, परोपकार और विश्व कल्याण की भावना की प्रेरणा देती रही है। महापुरुषों के जीवन और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हमें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर महर्षि दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद, डॉ. बलिराम हेडगेवार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और आचार्य बलदेव के विचारों एवं सामाजिक योगदान को भी स्मरण किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन से राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। विद्यालय प्रधान रणदीप आर्य ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अच्छे संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

रोहतक में जुटेंगें हरियाणाभर के लोहा व्यापारी : अमित गुप्ता कासनिया

-हरियाणा लोहा व्यापार संघ कर रहा है वार्षिक सामान्य बैठक एवं दिवाली मिलन


- समारोह में आपसी संबंधों को मजबूती देने के साथ व्यापार पर होगी चर्चा
- पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार एवं ओपी जिंदल समूह की पूर्व चेयरपर्सन सावित्री जिंदल होंगीं मुख्य अतिथि

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा लोहा व्यापार संघ (एचएलवीएस) की ओर से रोहतक स्थित होटल महाराजा पैलेस दिल्ली रोड में शनिवार 14 नवंबर 2026 को वार्षिक सामान्य बैठक (एनुअल जनरल मीटिंग) एवं दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार एवं ओपी जिंदल समूह की पूर्व चेयरपर्सन सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि होंगीं। सांसद नवीन जिंदल ने वीडियो संदेश जारी करके समारोह के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रोहतक से प्रधान नरेंद्र देशवाल एवं उपप्रधान नवीन गोयल ने कार्यक्रम की तैयारियों में, कार्यक्रम को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हरियाणा लोहा व्यापार संघ (एचएलवीएस) के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया ने बताया कि हरियाणाभर से लोहा व्यापारी इस कार्यक्रम में पहुंचेंगें। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में चैरिटी पार्टनर ग्रीन अरावली, नॉलेज पार्टनर बिगमिंट व वेन्यू पार्टनर महाराज पैलेस है। हिसार से राज्य उपप्रधान अशोक बंसल, फरीदाबाद से राज्य उपप्रधान सतीश गर्ग, दिल्ली से राज्य महासचिव मामन चंद गोयल, दिल्ली से राज्य कोषाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता व पानीपत से राज्य संयुक्त कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने बताया कि इस समारोह में व्यापारियों के लिए विशेष नॉलेज सेशन भी आयोजित किए जाएगें, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर स्टील डीलर्स व पेमेंट रिकवरी कोचिंग विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। संगठन के गुरुग्राम व मेवात प्रधान सुमित अरोड़ा, रोहतक जिला प्रधान नरेंद्र देशवाल, हिसार के प्रधान श्याम जिंदल, फरीदाबाद एवं पलवल के प्रधान सीपी कालरा, सिरसा के प्रधान पुरुषोत्तम गोयल व कुरुक्षेत्र के प्रधान सुनील (मोनू ग्रोवर) ने कहा कि यह कार्यक्रम दिवाली मिलन के साथ-साथ लोहा व्यापारियों के आपसी मेलजोल का एक महाकुंभ भी होगा। एक ही छत के नीचे प्रदेश लोहा व्यापारी अपने व्यापार के अनुभव भी सांझा करेंगें और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगें। बिजनेस को आगे बढ़ाने का मंत्र भी इस समारोह में मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्कॉप फॉर एमएसएमई डेवेलपमेंट पर भारत सरकार के एमएसएमई डेवेलपमेंट एंड फैसिलिटेशन कार्यालय करनाल से एडिशनल डेवेलपमेंट कमिश्नर संजीव चावला प्रजेंटेशन देंगें।

भांगरौला में बनेगा 15 एमएलडी क्षमता का टैंक, छह गांवों को मिलेगी बेहतर जलापूर्ति

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



मानेसर। मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांव भांगरौला में 15 एमएलडी क्षमता का अंडरग्राउंड वाटर टैंक (यूजीटी) बनाने की परियोजना को मंजूरी मिल गई है। जीएमडीए की मास्टर लाइन से पानी लाकर इस टैंक में संग्रहित किया जाएगा, जिससे आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था मजबूत होगी। इस परियोजना पर निगम की ओर से करीब 31 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय से मंजूरी मिलने के बाद नगर निगम मानेसर अब आगे की तकनीकी प्रक्रिया शुरू करेगा। टेंडर जारी करने से पहले परियोजना की तकनीकी मंजूरी ली जाएगी और इसके बाद निर्माण कार्य के लिए एजेंसी चुनी जाएगी।

निगम की ओर से कई गांवों में पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा किया जा चुका है। जिन इलाकों में पाइपलाइन नेटवर्क अधूरा है, वहां भी उसे तैयार कराया जाएगा। टैंक बनने के बाद पानी का संग्रहण और वितरण दोनों व्यवस्थाएं अधिक प्रभावी हो सकेंगी।

नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव, सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव और डिप्टी मेयर रीमा चौहान ने कहा कि निगम क्षेत्र में पानी की मांग लंबे समय से उठ रही थी। इस मुद्दे पर क्षेत्र के पार्षदों ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह से भी मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से निगम क्षेत्रवासियों को यह सुविधा मिलने जा रही है।निगम आयुक्त प्रदीप सिंह ने बताया कि मुख्यालय से बजट की मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही अगली प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

इन गांवों को मिलेगा लाभ-


इस परियोजना के पूरा होने पर मानेसर निगम क्षेत्र के छह गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इनमें मानेसर, खोह, कासन, बांस गांव और अलियार-ढाना शामिल हैं। भांगरौला में बनने वाले टैंक से इन गांवों तक पानी की आपूर्ति की जाएगी, जिससे लंबे समय से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या में काफी सुधार की उम्मीद है।

मानेसर क्षेत्र में जल व्यवस्था को लेकर पहले भी कई कदम उठाए जा चुके हैं। गढ़ी- हरसरू और बामडौली गांवों में नहरी पानी उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि अन्य गांवों के लिए जीएमडीए से समन्वय किया जा रहा है। भांगरौला में यूजीटी निर्माण के बाद बांस कुसला, बांस हरिया, ढाणा, कासन, खोह और मानेसर तक पानी पहुंचाने की योजना है।

गुरुग्राम में 23 नवंबर को लगेगा रक्षा पेंशनरों के लिए 'स्पर्श आउटरीच कैंप''

- जिला सैनिक बोर्ड में प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा कैंप, पेंशन संबंधी समस्याओं का होगा समाधान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम जिला के सभी पूर्व सैनिकों तथा दिवंगत सैनिकों की पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे आश्रितों की सुविधा के लिए 23 नवंबर सोमवार को जिला सैनिक बोर्ड, गुरुग्राम में 'स्पर्श आउटरीच कैंपेन' का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण), मेरठ की ओर से प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक लगाया जाएगा।

कैंप के दौरान रक्षा पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को स्पर्श पोर्टल से संबंधित समस्याओं, पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं तथा अन्य आवश्यक जानकारियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पेंशनरों को लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) जमा करवाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला सैनिक बोर्ड की ओर से गुरुग्राम जिला के सभी पूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों के पारिवारिक पेंशनरों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए सभी पेंशनर अपने साथ आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण/खाता संख्या, पीपीओ नंबर अथवा स्पर्श पीपीओ नंबर तथा मोबाइल फोन अवश्य लेकर आएं, ताकि आवश्यक प्रक्रिया सुगमता से पूरी की जा सके।

हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल की नगरी फर्रुखनगर को उपमंडल बनाने की मांग तेज, क्षेत्रवासियों में भारी रोष

ऐतिहासिक और जनसंख्या के सभी मानक पूरे करने के बावजूद अनदेखी का आरोप, लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए लगाने पड़ रहे हैं पटौदी और गुरुग्राम के चक्कर

ओपन सर्च/नरेश शर्मा






फर्रुखनगर (गुरुग्राम)। वीर शिरोमणि हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल की ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी नगरी फर्रुखनगर को उपमंडल (सब-डिवीजन) का दर्जा देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि फर्रुखनगर के गौरवशाली इतिहास, बढ़ती आबादी और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए इसे जल्द से जल्द उपमंडल घोषित किया जाए। सालों से हो रही है अनदेखी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि फर्रुखनगर न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह उपमंडल बनने के सभी सरकारी मानकों को भी पूरा करता है। गुरुग्राम जिले के अन्य प्रमुख क्षेत्रों जैसे पटौदी, सोहना, बादशाहपुर और मानेसर को उपमंडल का दर्जा मिल चुका है, लेकिन आजादी से पहले से तहसील रहे फर्रुखनगर की लगातार अनदेखी की जा रही है।

पूर्व नगर पार्षद नीरू शर्मा, अधिवकता संदीप यादव, हरियाणा पुलिस के पूर्व अधिकारी बाबू लाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ पटौदी के जिला उपाध्यक्ष हंसराज यादव आदि ने बताया कि उपमंडल न होने के कारण फर्रुखनगर खंड के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के लोगों को एसडीएम (SDM) कार्यालय से जुड़े छोटे-बड़े प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए 20 से 30 किलोमीटर दूर पटौदी या गुरुग्राम के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल आम जनता का समय और पैसा बर्बाद होता है, बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

औद्योगिक और पर्यटन विकास में भी अहम योगदान

क्षेत्रवासियों का तर्क है कि फर्रुखनगर के आसपास बड़े पैमाने पर वेयरहाउस और औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिससे यहां की आबादी और प्रशासनिक कार्यों का दबाव तेजी से बढ़ा है। इसके अलावा, विश्व प्रसिद्ध सुल्तानपुर पक्षी विहार और ऐतिहासिक धरोहरों के कारण यह क्षेत्र पर्यटन का भी बड़ा केंद्र है।

सरकार को दी चेतावनी

स्थानीय समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने हरियाणा सरकार से अपील की है कि महाराजा सूरजमल की इस पावन नगरी के सम्मान और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आगामी कैबिनेट बैठक में फर्रुखनगर को उपमंडल बनाने की घोषणा की जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मांग पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो क्षेत्रवासी एकत्रित होकर बड़ा जन-आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

साइबर थाना नूंह की बड़ी कार्रवाई, अलग-अलग मामलों में चार साइबर ठग गिरफ्तार

आर्मी अफसर बताकर करते थे लोगों से ठगी

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन के निर्देश पर साइबर अपराध पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर थाना नूंह पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चारों आरोपी अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने का काम करते थे।

पहले मामले में थाना पिनगवां के बनारसी गांव निवासी 22 वर्षीय आरोपी जाहिद पुत्र रिसाल को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी मोबाइल पर फर्जी फेसबुक अकाउंट इस्लाम कुरैशी हक़ीम बनाकर खुद को आर्मी में बताकर लोगों को सस्ते में गाड़ी व सामान दिलाने के नाम पर सेक्सटॉर्शन और ठगी करता था। आरोपी के कब्जे से मोबाइल और फर्जी सिम बरामद हुई है। इस पर साइबर पोर्टल के तहत दर्ज शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने 23,058 रुपये की ठगी की बात कबूली है। दूसरे मामले में पुलिस ने छारोडा गांव के दो आरोपियों साजिद पुत्र अली मोहम्मद (27) और मोहम्मद तालीम उर्फ तालीब पुत्र रमजान (30) को गिरफ्तार किया है। दोनों थाना सदर तावडू क्षेत्र के रहने वाले हैं। यह दोनों गांव में लोगों को फर्जी सिम बेचने और फर्जी इंटरनेट सिम व फोन बेचने का धंधा करते थे। गुप्त सूचना पर थाना साइबर क्राइम की टीम ने पलवल टी-पॉइंट के पास घेराबंदी कर दोनों को काबू किया। इनके पास से तीन मोबाइल और उनमें लगी फर्जी सिमें बरामद हुई हैं। इनके खिलाफ साइबर थाना में केस दर्ज किया गया है।जबकि तीसरे मामले में फिरोजपुर झिरका के शेखपुर गांव निवासी ताज मोहम्मद उर्फ राजू पुत्र होसी (24) को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी फर्जी मोबाइल व फर्जी सिम का प्रयोग कर साइबर ठगी कर पैसे अपने खातों में डलवाता था। इसके पास से मोबाइल, दो बैंक खातों के बार कोड, चेकबुक की फोटो और कई लोगों के संदिग्ध लेन-देन के स्क्रीनशॉट मिले हैं।

साइबर पोर्टल पर इसके खिलाफ तीन शिकायते दर्ज पाई गई हैं। इसके दो बैंक बैंक केनरा बैंक के नाम से हैं। इसके खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया गया है।

लोक संस्कृति के संरक्षण और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में अहम भूमिका निभा रहा जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव : राजेंद्र शर्मा

दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ समापन, विभिन्न विधाओं में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला शिक्षा विभाग की ओर से सामुदायिक केंद्र, बाल भवन नूंह में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव-2026 का समापन हुआ। हरियाणवी विरासत, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की थीम पर आयोजित इस महोत्सव में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने स्किट, रागिनी, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य जैसी सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव के दूसरे दिन कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करती हैं। ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध लोक संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने और आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, संस्कृति और लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रकार के सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। हरियाणवी लोकगीत, रागिनी, लोकनृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं, जिन्हें जीवंत बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा, राज्य स्तर के लिए तीन टीमें चयनित

42 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए नवाचारी शोध प्रोजेक्ट, मेवात की स्थानीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान पर किया मंथन

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 32वीं जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे 42 बाल वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, रचनात्मक सोच और नवाचार का प्रदर्शन करते हुए स्थानीय समस्याओं पर आधारित शोध परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीन टीमों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी।

जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर एवं डॉ. कुसुम मलिक ने बताया कि इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' रखा गया था। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, जल संचयन एवं संरक्षण, भोजन, कृषि एवं स्वास्थ्य तथा टिकाऊपन के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों के अनुप्रयोग जैसे पांच उपविषयों पर शोध परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने मेवात क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन कर उनके व्यावहारिक समाधान सुझाने का सराहनीय प्रयास किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 21 मार्गदर्शक शिक्षकों ने भी भाग लिया और विद्यार्थियों को शोध परियोजनाएं तैयार करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में मार्गदर्शन दिया। परियोजनाओं का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. संजय कुमार, डॉ. हरदीप कुमार एवं डॉ. महाराणा प्रताप सिंह चौहान ने किया। डॉ. कुसुम मलिक ने कहा कि आकांक्षी जिला नूंह के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नवाचार के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान खोजने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और अनुसंधान की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य स्तर के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बाल वैज्ञानिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इन विद्यार्थियों का हुआ राज्य स्तर के लिए चयन

प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय पाठखोरी की बाल वैज्ञानिक ज्योति एवं खुशबू तथा भाकड़ोजी स्कूल के दीपक एवं सोहेल का चयन किया गया।

जाटौली मंडी में 14 नवंबर को होगा श्री बाबा हरदेवा का 18वां भव्य जागरण

सुबह 10 बजे निकलेगी भव्य सोभायात्रा,15 नवंबर को लगेगा विशाल भंडारा

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



जाटौली मंडी। धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम जाटौली मंडी में देखने को मिलेगा। बाबा हरदेवा के दरबार में 14 नवंबर की रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 15 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

जागरण के दौरान बाबा हरदेवा के भजनों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय होगा। श्रद्धालु पूरी रात भक्ति रस में सराबोर होकर बाबा का गुणगान करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करेंगे।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के आसपास के गांवों एवं कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।आयोजनकर्ता श्री बाबा हरदेवा मित्र मंडल ने सभी श्रद्धालूओ से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पहुंचे। प्रसिद्ध कलाकार अंजलि द्रेवेदी, अधीस्ठा, अनुष्ठा, ऋतिक गुप्ता आदि होंगे।सोभा यात्रा सुबह दस बजे से पुरे नगर भ्रमण पर होंगी। 14 नवंबर की रात बाबा के नाम और 15 नवंबर को श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का प्रसाद।इस अवसर पर पटौदी जाटौली मंडी चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया, बाबा हरदेवा मित्र मंडल के राकेश कुमार वशिस्ट,पार्षद कृष्ण कुमार, समाजसेवी मास्टर सुरेंद्र चौहान, रविंद्र सिँह, सिब्बू, हवलदार केसर चौहान आदि मौजूद रहे।

75 लाख 35 हजार की राशि के चेक बांटे गौशालाओं को विधायक अनिल यादव ने

कहा- जनहित में नीतियां लागू कर रही है हरियाणा सरकार

ओपन सर्च/ब्यूरो





कोसली। विधायक अनिल यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गौ वंश की रक्षा एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास को भी पूरी तवज्जो दी है।

कोसली अनाज मंडी में आज विधायक अनिल यादव ने इलाके की 7 गौशालाओं को 75 लाख 35 हजार 293 रुपए की राशि के चेक प्रदान किए। यहां आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ये चेक वितरित किए गए। अनिल यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने भी कोसली हलके को आगे बढ़ाने में पूरी मदद की है। उन्होंने गांव नांगलिया रणमोख की महर्षि दयानंद धर्मार्थ संस्था को 10 लाख 17 हजार 507 रुपए, शिव मोहन गौशाला जाटूसाना को 31 लाख 50 हजार 190 रुपए, बाबा मुक्तेश्वर पुरी गौशाला कोसली को 10 लाख 53 हजार 926 रुपए, श्रीकृष्ण विकलांग गौशाला डहीना को 2 लाख 86 हजार 933 रुपए, गांव रालियावास की अस्पाम फाउंडेशन को 7 लाख 27 हजार 816 रुपए, यदुवंशी गौ सेवा समिति डहीना को 8 लाख 24 हजार 931 रुपए तथा गांव बालधन खुर्द की श्री शिव कृष्ण गौशाला समिति को 4 लाख 73 हजार 991 रुपए के चेक प्रदान किए।

विधायक अनिल यादव ने कहा कि यह राशि गौशालाओं के रखरखाव, चारे, यांत्रिक उपकरण एवं आवश्यक प्रबंधन के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। इस अवसर पर विधायक ने आम जनता की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को उनका निवारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनेक पंचायत प्रतिनिधि, गौशाला समितियों के पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीन दशक से 'किराए' पर महिला एवं बाल विकास विभाग का दफ्तर: न अपनी जमीन, न स्थायी अधिकारी

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



गुरुग्राम (फर्रुखनगर)। प्रदेश भर में महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए पहचाने जाने वाला महिला एवं बाल विकास विभाग, फर्रुखनगर खंड में खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। साल 1996-97 में कार्यालय के गठन के बाद से आज तक विभाग के पास न तो अपनी जमीन है और न ही खुद का भवन बन पाया है। करीब तीन दशकों से यह कार्यालय किराए के भवनों में संचालित हो रहा है और इस दौरान चार बार कार्यालय की लोकेशन और भवन बदले जा चुके हैं। किराए के भवन का मालिक कब इसे खाली करा दे, इसका कोई भरोसा नहीं रहता, जिससे विभाग के कामकाज और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फर्रुखनगर कार्यालय में पिछले एक साल से सीडीपीओ (CDPO) का पद खाली पड़ा है, जिसका अतिरिक्त कार्यभार सोहना खंड की अधिकारी प्रवीण लता संभाल रही हैं। इतना ही नहीं, कार्यालय में सहायक का पद भी एक साल से रिक्त है, जिसका अतिरिक्त चार्ज पटौदी के सहायक के पास है। हैरत की बात तो यह है कि खंड अधिकारी के पास निरीक्षण के लिए सरकारी वाहन तक उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी तथा संसाधनों के अभाव के कारण 53 ग्राम पंचायतों के केंद्र बिंदु फर्रुखनगर के अंतर्गत आने वाली 155 आंगनवाड़ी और राजूपुर की एक मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंच पा रहा है।

सूत्रों की मानें तो विभाग के पास अपने भवन न होने के कारण अधिकतर आंगनवाड़ी केंद्र भी ग्राम पंचायतों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूलों, प्ले स्कूलों, धर्मशालाओं, चौपालों या मंदिरों आदि में चलाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि सरकार फर्रुखनगर में विभाग के लिए सरकारी भूमि और भवन मुहैया करा दे, तो इस पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। इस मामले पर फर्रुखनगर खंड का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही सोहना की सीडीपीओ प्रवीण लता ने बताया कि उनके पास फर्रुखनगर और पटौदी का अतिरिक्त चार्ज है। उन्होंने कहा कि फर्रुखनगर कार्यालय के लिए स्थायी भवन मुहैया कराने के संबंध में स्थानीय एसडीएम, तहसीलदार और विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। फिलहाल पिछले महीने ही कार्यालय को चांद नगर रोड स्थित सैनी चौपाल में शिफ्ट किया गया है और उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेने तथा आगामी आदेश मिलने के बाद ही इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जा सकेगा।

डीएलएफ फेज-2 में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई, एक दिन में 22 संपत्तियां सील

- जिला नगर योजनाकार (एनफोर्समेंट) की टीम ने दूसरे दिन भी जारी रखा अभियान

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। डीएलएफ फेज-2 में रिहायशी मकानों का व्यावसायिक उपयोग करने तथा स्वीकृत अनुमति से अधिक क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने सख्त कार्रवाई जारी रखी है। जिला नगर योजनाकार (एनफोर्समेंट) की टीम ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन व्यापक सीलिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक ही दिन में कुल 22 संपत्तियों को सील किया गया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने विभिन्न रिहायशी मकानों का निरीक्षण किया। जांच में कई स्थानों पर बेसमेंट का उपयोग कार्यालय, क्लिनिक और दुकानों के रूप में किया जा रहा था। वहीं, कुछ इमारतों की पूरी मंजिलों पर कार्यालय और पीजी संचालित पाए गए। निर्धारित अनुमति से अधिक क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। गुलमोहर मार्ग स्थित मकान नंबर 49 में अंतारा वेलनेस सेंटर के बेसमेंट में संचालित क्लिनिक को सील किया गया। आकाशनीम मार्ग के मकान नंबर 19 में भूतल और बेसमेंट पर चल रहे दंत चिकित्सा केंद्र को सील किया गया। के-9/46 में मेटागाइज फसाड्स के बेसमेंट में संचालित कार्यालय पर भी कार्रवाई की गई।

दक्षिण मार्ग (डीएम) में कई इमारतों पर कार्रवाई

दक्षिण मार्ग में अभियान के तहत बड़े स्तर पर सीलिंग की गई। डीएम-23 में दूसरी मंजिल पर संचालित कार्यालय, डीएम-22 में अनुमति से अतिरिक्त उपयोग किए जा रहे कमरे को सील किया गया। डीएम-21 में अतिरिक्त कमरे बनाए जाने पर पूरा तल और बेसमेंट सील किया गया। डीएम-20 में भूतल और बेसमेंट के कार्यालयों पर कार्रवाई हुई। डीएम-17 और डीएम-27 में भूतल के कार्यालय तथा डीएम-15 में बेसमेंट स्थित कार्यालय को सील किया गया। इसी प्रकार डीएम-13 में गेस्ट हाउस और बेसमेंट के कार्यालय पर कार्रवाई की गई। डीएम-14 में संचालित 12 कमरों वाले ओयो होटल के सभी कमरे सील किए गए। डीएम-12 में बेसमेंट के जिम और पहली मंजिल के कार्यालय को सील किया गया। डीएम-10 में स्टिल्ट, बेसमेंट और पहली से तीसरी मंजिल तक संचालित कार्यालयों पर कार्रवाई की गई। डीएम-8 में निर्धारित अनुमति से अधिक क्षेत्र में चल रहे दंत चिकित्सा केंद्र को सील किया गया। डीएम-7 में भूतल की दुकानों और कार्यालय, बेसमेंट के कार्यालय तथा पहली और दूसरी मंजिल पर संचालित पीजी को सील किया गया। डीएम-6 में बेटर-वे आयुर्वेदिक पंचकर्म उपचार केंद्र और डीएम-5 में ग्रो मोर जनरल स्टोर एवं सब्जी की दुकान पर कार्रवाई की गई।

शनिवार और अगले सप्ताह भी जारी रहेगा अभियान

उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को भी विभाग की टीम ने डीएलएफ फेज-2 में चार इमारतों को सील किया था। व

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस समारोह में बच्चों के उत्साह, उमंग और प्रतिभा ने बांधा समां

महापौर ने कहा- बच्चे देश का भविष्य, उनकी मुस्कान, शिक्षा और सर्वांगीण विकास में निहित है राष्ट्र की प्रगति

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को करनाल के एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विशेष रूप से शिरकत की और विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियों के पल साझा किए। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खिलती मुस्कान, उनकी उमंग और उत्साह ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फूड एवं गेम्स स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने इन स्टॉल पर अपनी रुचि के अनुसार गतिविधियों में भाग लिया और समारोह का भरपूर आनंद उठाया। अलग-अलग स्टॉल पर विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साहपूर्ण माहौल ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। महापौर ने बच्चों की गतिविधियों में रुचि दिखाई और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें बच्चों के अधिकारों, उनकी खुशियों, शिक्षा और बेहतर भविष्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण भी कराता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह दिवस बच्चों के प्रति उनके स्नेह और बाल प्रतिभा के सम्मान का प्रतीक है। बच्चे देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे अनमोल पूंजी भी हैं। उनकी प्रतिभा को सही दिशा, अच्छे संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ही एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। जरूरत है उसे पहचानने, प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ने के लिए उचित अवसर उपलब्ध कराने की। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना भी आवश्यक है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। बच्चों की मुस्कान और उनका आत्मविश्वास ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की पहचान है। महापौर ने विद्यालय प्रबंधन, प्रिंसिपल रेणु गुप्ता, सुनील गुप्ता, शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे जीवन में बड़े सपने देखें, निरंतर मेहनत करें और अपने परिवार, विद्यालय तथा देश का नाम रोशन करें। समारोह में प्रिंसिपल रेणु गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित विद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मां के त्याग और ममता का कोई मोल नहीं : पंडित रोशन लाल

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



झज्जर। मनुष्य की पहचान उसके आचरण और व्यवहार से होती हैं। जीवन में सुख और दुख दोनों आते है। यह बात सिद्ध बाबा प्रसाद गिरी मन्दिर में नरवाना से पहुंचे कथा वाचक पंडित रोशन जी ने धर्म सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। प्रवाचक ने कहा कि मां के त्याग और ममता का कोई मोल नही होता। धर्म सभा के दौरान नाम तेरा हैं तारण हारा कब तेरा दर्शन होगा .. प्रवाचक के साथ आए भजन गायकों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक गीता भुकक्ल, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष केशव सिंघल, समाजसेवी मनीष बंसल, जिला परिषद चेयरमेन कप्तान बिरधाना ने शिरकत की।

धर्म सभा में अनिल भारद्वाज, शिव ओम भारद्वाज ने हम तो भूले जननी मात तूने क्या क्या कष्ट उठाये..

भजनों के माध्यम से सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी के प्रधान प्रकाशचंद गर्ग, एडवोकेट मानक चंद गुप्ता के भाई समाजसेवी बूढ़ा महादेव समिति के उपप्रधान राजेंद्र प्रसाद गर्ग बी आर वाले की धर्मपत्नी सुन्दरबाला के निधन पर दौ मिनट का मौन दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान दे। स्वर्गीय सुन्दरबाला धार्मिक प्रवर्ति की महिला थी, वे सभी धार्मिक और त्योहारों का श्रद्धा और नियम पूर्वक पालन करती थी।

कार्यक्रम में महंत परमानंद गिरी जी महाराज, मृत्युंजय गिरी जी महाराज, पूर्व शिक्षा मंत्री विधायक गीता भुकक्ल, सूबे सिंह हरित, गौशाला प्रधान प्रमोद बंसल, सुभाष वर्मा, विवेक हरित, सुरेश सिंघल, महेंद्र बंसल, मेडम बाला धनखड़, सनातन स्कूल प्राचार्य नीतू महाजन, रजनी वधवा, स्वीटी गहलोत, सरिता तनेजा, उमेश गोयल, वीरेंद्र दरोगा, वीरेंद्र शर्मा, आनंद सिंघल, सीए वीरेंद्र गोयल, उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष केशव सिंघल, नरेंद्र चावला, दिनेश सिंघल, संजय गोयल, पंकज तलवार, समाजसेवी मनीष बंसल, जिला परिषद चेयरमेन कप्तान बिरधाना, प्रकाशवीर आर्य, जगपाल गुलिया, एम डागर, ईश्वर सिंघल, बिटटू चुघ, देवेंद्र गर्ग, विपिन जैन, रविंद्र गोयल, पंकज शर्मा, नवनीत शर्मा, रामावतार गेरा, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य मौजूद रहे।

प्लास्टिक बैग में रसोई के कचरे से खाद कम्पोस्ट बनाने की अनूठी पहल, फुवारी को मिलेगा बढ़ावा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे होम कम्पोस्ट पिट जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। नगरपालिका प्रधान श्रीमती सनमीत कौर आहूजा एवं सचिव डॉक्टर राहुल सैनी के मार्गदर्शन में शहरवासियों को रसोई के कचरे से घर पर ही जैविक खाद बनाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान से प्रेरित होकर अब शहर के अलग-अलग वार्डों के लोग भी आगे आकर होम कम्पोस्टिंग की शुरुआत कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती कृष्णा कुकरेजा ने अपने घर पर रसोई के कचरे से जैविक खाद बनाने की शुरुआत की। वहीं वार्ड नंबर 4 से वार्ड कमेटी सदस्य निर्मला देवी ने घर में एक बाल्टी के माध्यम से होम कम्पोस्टिंग शुरू की। विशेष रूप से वार्ड नंबर 11 की मोनिका ने एक अनूठा और अलग तरीका अपनाते हुए प्लास्टिक बैग में रसोई के कचरे से कम्पोस्ट तैयार करने की शुरुआत की। उनकी इस पहल की खास बात यह है कि होम कम्पोस्टिंग के लिए किसी बड़े गड्ढे या विशेष स्थान की आवश्यकता नहीं है। घर में उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल करके भी रसोई के गीले कचरे को जैविक खाद में बदला जा सकता है। मोनिका की यह अलग पहल अन्य शहरवासियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और उन्हें अपने घरों में ही कम्पोस्टिंग शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। शहर के जनप्रतिनिधियों एवं वार्ड कमेटी सदस्यों द्वारा स्वयं आगे आकर इस कार्य की शुरुआत करना अन्य शहरवासियों के लिए भी प्रेरणादायक है। यदि इसी प्रकार शहरवासियों का सहयोग मिलता रहा तो निश्चित रूप से नीलोखेड़ी शहर से निकलने वाले कचरे की मात्रा को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर नगरपालिका प्रेरक नरेश कुमार ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कचरे को कम करने के लिए अधिक से अधिक नागरिकों को आगे आना चाहिए। रसोई से निकलने वाले फल-सब्जियों के छिलके, चायपत्ती एवं अन्य गीले कचरे को घर पर ही कम्पोस्ट में बदलना कचरे को कम करने का एक प्रभावी तरीका है। हमें अपनी छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर स्वच्छ और सुंदर नीलोखेड़ी बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कचरे को केवल एक जगह इकट्ठा करने के बजाय उसे घर पर ही उपयोगी जैविक खाद में बदलना समय की जरूरत है। इस मौके पर वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती कृष्णा कुकरेजा, वार्ड नंबर 11 के पार्षद गुरविंदर सिंह, वार्ड कमेटी सदस्य श्रीमती प्रोमिला देवी एवं श्रीमती निर्मला देवी मौजूद रहीं।

करनाली गेट स्थित मेन बाजार में युवक का शव मिलने से सनसनी माहौल

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



तरावड़ी। तरावड़ी के करनाली गेट स्थित मेन बाजार में उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि चलते-चलते युवक को अचानक दौरा पड़ा और वह जमीन पर गिर गया, जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतक युवक गांव ललयानी का रहने वाला बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के भाई ने बताया कि वह दिमागी रूप से कमजोर था। वहीं, आसपास के चश्मदीदों का कहना है कि युवक अक्सर बाजार में लोगों से पैसे मांगकर नशा करता था और उसे पहले भी कई बार इसी तरह के दौरे पड़ते रहते थे। युवक के भाई ने बताया कि उसे पहले भी ऐसे दौरे पड़ते थे साथ उन्होंने बताना कि किसी ने उन्हें फोन करके बताया कि युवक सड़क पर मृत पड़ा हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका पारवारिक मामला हैं युवक ललयानी का बताया जा रहा हैं वह 4 भाइयो में सबसे बड़ा था और दिमागी रूप से कमजोर था। उन्होंने बताया कि युवक के मृत शरीर को घर ले जाने के लिए गाड़ी बुलाई है । साथ ही बताया उनका भाई मानसिक रूप से कमजोर था।

फरीदपुर विद्यालय में किया गया मेगा पीटीएम का आयोजन

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर घरौंडा में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर मेगा पी टी एम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के माता पिता ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अध्यापक हरदीप मलिक जी ने माता पिता को बच्चों की पढ़ाई ओर सेहत के प्रति जागरूक रहने का आहवान किया ओर एफ एल एन के एग्जाम की रिपोर्ट माता पिता को दी गई। पी टी एम के माध्यम से अध्यापकों ओर बच्चों के माता पिता का आपसी जुड़ाव बना रहता है।ओर बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी विस्तृत जानकारी बनी रहती है। माता पिता से बच्चों की पढ़ाई से संबंधित फीड बैक लिया गया। हरदीप मलिक जी ने माता पिता को कमजोर बच्चों को घर पर भी ज्यादा ध्यान देने को कहा गया। मेगा पी टी एम के अवसर पर पैरेंट्स से भी सुझाव लिये गए। स्कूल में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई।इस अवसर पर एबीआरसी मीना जी,हेड टीचर सुभाष शर्मा जी, कुलदीप मलिक , हरदीप मलिक , सुभाष रोड, मनोज रावल, लाइब्रेरियन सतनाम, प्रधान रमेश जी, आदि उपस्थित रहे।

छठ महापर्व के उल्लास में रंगी कर्ण नगरी, महापौर को महोत्सव के लिए किया आमंत्रित

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। कर्ण नगरी में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का उल्लास धीरे-धीरे चहुंओर दिखाई देने लगा है। त्योहार की तैयारियों के बीच एकता महापर्व सेवा समिति एवं श्री मां दुर्गा पूजा सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने महापौर रेणु बाला गुप्ता को छठ पूजा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। शुक्रवार को समिति के सदस्य चौधरी हाउस कॉलोनी स्थित महापौर निवास पहुंचे और उन्हें आमंत्रण-पत्र भेंट कर आयोजन की रूपरेखा एवं तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने समिति के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग और सहभागिता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, लोक आस्था और हमारी समृद्ध परंपराओं का अत्यंत पावन पर्व है। यह पर्व सूर्योपासना और छठी मैया की आराधना के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अनुशासन, पवित्रता, त्याग और समर्पण का संदेश देता है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, पारिवारिक एकजुटता और सामूहिक सहभागिता का भी अनुपम उदाहरण है। इस महापर्व में व्रती कठिन तप, श्रद्धा और पूरी निष्ठा के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। डूबते और उगते सूर्य की उपासना हमें जीवन में विनम्रता, धैर्य और निरंतर सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देती है। छठ पर्व समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने के साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि करनाल सभी धर्मों, समुदायों और संस्कृतियों का सम्मान करने वाला शहर है। यहां प्रत्येक पर्व और उत्सव को आपसी भाईचारे तथा सौहार्द के साथ मनाया जाता है। छठ महोत्सव जैसे आयोजन शहर की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विविधता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कामना की कि छठ मैया की कृपा सभी पर बनी रहे और हर परिवार में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता भी उपस्थित रहे।

सहभागिता बढ़ाना सांझा दायित्व

महापौर ने आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में जनसहभागिता बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

जन्मदिन पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर को भेंट की वाल्मीकि रामायण

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। ग्लोबल इंस्पिरेशन एंड एजुकेशन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ वाल्मीकि रामायण (GIEO RAMAYAN) द्वारा संचालित 'हर घर वाल्मीकि रामायण अभियान' के तहत आज भाजपा करनाल के जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण लाठर को उनके जन्मदिन के अवसर पर वाल्मीकि रामायण भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर अभियान के अंतरराष्ट्रीय संयोजक तेजिन्द्र सिंह तेजी ने प्रवीण लाठर को वाल्मीकि रामायण भेंट करते हुए उनके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों, आदर्शों, मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और मानवता का अनुपम मार्गदर्शक है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर तक महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसके आदर्शों से जोड़ना है। तेजिन्द्र सिंह तेजी ने कहा कि 'हर घर वाल्मीकि रामायण अभियान' का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी द्वारा किया गया था। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह अभियान देश-विदेश में वाल्मीकि रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। अभियान के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को वाल्मीकि रामायण भेंट कर इस सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहल से जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की रामायण भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

इसके माध्यम से समाज को मर्यादा, भाईचारे, त्याग, सेवा और सद्भावना की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हर घर तक वाल्मीकि रामायण पहुंचाने की यह पहल सराहनीय है और ऐसे प्रयासों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं महान परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। तेजिन्द्र सिंह तेजी ने कहा कि GIEO RAMAYAN का संकल्प है कि वाल्मीकि रामायण का संदेश भारत के प्रत्येक घर के साथ-साथ विश्व के विभिन्न देशों तक पहुंचे, ताकि भगवान श्रीराम के आदर्शों और महर्षि वाल्मीकि जी की विचारधारा के माध्यम से समाज में संस्कार, सद्भावना और मानवता का संदेश प्रसारित हो सके। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं धर्म अनुयाई भी उपस्थित रहे।

जनता के वोट की ताकत से ही मजबूत रहेगा लोकतंत्र, राहुल गांधी की मुहिम को गांव-गांव तक पहुंचाएगी कांग्रेस : पराग गाबा

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। न झुकेंगे, न रुकेंगे, लोकतंत्र की आवाज उठाते रहेंगे, जनता के वोट की ताकत के लिए हर चौखट तक जाते रहेंगे। लोकतंत्र केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान, अधिकार और भविष्य की बुनियाद है। इसी लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (HPCC) के दिशा-निर्देशों के अनुसार 12 से 25 नवंबर तक चलाए जा रहे 'वोट बचाओ–लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत आज काका सैनी, शिव कॉलोनी, गली नंबर 2/9, मकान नंबर 1418 (रमेश सैनी की डायरी) में चौपाल कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी शहरी, करनाल के जिलाध्यक्ष पराग गाबा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। चौपाल में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर लोकतंत्र, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और आम नागरिक के मताधिकार की अहमियत पर चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी जी द्वारा देशभर में उठाई जा रही वोट के अधिकार की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

पराग गाबा ने कहा कि,

"लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत न संसद की कुर्सी है, न सत्ता का सिंहासन, बल्कि आम आदमी के हाथ में मौजूद उसका एक वोट है। राहुल गांधी जी ने देश की जनता के वोट और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो मुहिम शुरू की है, वह केवल कांग्रेस का अभियान नहीं, बल्कि देश के संविधान और हर नागरिक के अधिकारों को बचाने की लड़ाई है। आज जरूरत है कि देश का हर नागरिक जागरूक हो और अपने मताधिकार की ताकत को समझे। अगर जनता का वोट ही सुरक्षित नहीं रहेगा, तो लोकतंत्र की बुनियाद कैसे मजबूत रहेगी? कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर जनता के इस अधिकार के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारा संकल्प स्पष्ट है—गांव-गांव, गली-गली और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना है। राहुल गांधी जी की इस लड़ाई को हर नागरिक की आवाज बनाना है। सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संविधान और लोकतंत्र हमेशा सुरक्षित रहने चाहिए।" पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस अभियान को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इसे जनजागरण की मुहिम बनाएंगे। 25 नवंबर तक जिले के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों में चौपालों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा और जनता के अधिकारों की आवाज बुलंद करेगा।

अंत में पराग गाबा ने कहा कि,

"जब-जब जनता के अधिकारों पर वार होगा,
तब-तब कांग्रेस का संघर्ष तैयार होगा।
ना वोट पर डाका सहेंगे, ना लोकतंत्र को झुकने देंगे,
जनता की ताकत से ही देश का भविष्य लिखने देंगे।"

उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस अभियान से जुड़ने और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर ललित आहूजा, दिलशेर डाचर, जोगिंदर वाल्मीकि, पंकज गाबा, पंकज पाल, पाला राम, बजिंदर खोखर, पीयूष शर्मा, काका सैनी और सुलेखा सैनी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा नेशनल एडवेंचर स्टडी टूर : धर्मपाल चौधरी

करनाल से उत्तराखंड के नैनीताल के लिए विद्यार्थियों का दल रवाना



ओपन सर्च/प्रदीप मैहता

करनाल। पी एम श्री राजकीय विद्यालय करनाल से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित नेशनल एडवेंचर स्टडी टूर के अंतर्गत डीपीसी करनाल की मेजबानी में जिला नूँह और रेवाड़ी के पी एम श्री स्कूलों के 240 विद्यार्थियों का दल उत्तराखंड के नैनीताल के लिए 13 से 17 नवम्बर के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के दल को रवाना किया तथा उन्हें सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन यात्राओं के माध्यम से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति, पर्यावरण, स्थानीय संस्कृति और भौगोलिक परिस्थितियों को करीब से समझने का अवसर मिलता है। ए पी सी पवन ने कहा कि एडवेंचर गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित करती हैं। नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और पर्वतीय वातावरण विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक नया अनुभव होगा। इस टूर का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों में इस यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

बाल दिवस पर बुराईयों को छोड़ अच्छाईयों को ग्रहण करे विद्यार्थी : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में शुक्रवार को दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में व बालदिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिसर में 'बाल मेला उत्सव' का आयोजन किया गया। विद्यालय निर्देशक हर्षित शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्या की अध्यक्षता में इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व जलेबी, वेलून रेस, लेमन स्पून रेस आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं के अलावा विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया। इस मौके पर चाचा नेहरू के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ ताकि स्कूल के विद्यार्थियों को बाल्यकाल से ही ऐसे क्रांतिकारियों के ओजस्वी जीवन से प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने उपस्थित विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराईयों को छोडऩे, अच्छाईयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिये जीये और समाज के लिए कुछ करके दिखलाये। पंडित जवाहरलाल नेहरू भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे। इसीलिये हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वयं निर्मित खाद्य पदार्थों, खानपान की वस्तुओं युक्त दुकाने लगाई और बाल मेले का भरपूर लुत्फ उठाया। स्कूल में इन्टर हाऊस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ने तो उत्सव को अत्यंत रोचक व प्रेरणादायक बना दिया।

विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुआ रंगारंग व शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का आयोजन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षाप्रद एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के ओजस्वी जीवन और शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। वही उन्होने छोटे-छोटे स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रीयता व भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर बधाई देते हुए कहा कि सदैव बच्चों से प्यार करने व विशेष लगाव रखने की बदौलत ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होने बच्चों को देश का भावी निर्माता और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताते हुए अपने ऐच्छिक कोष से नकद पुरूस्कार राशि देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि रूप में आमंत्रित लोगों के साथ-साथ आसपास लगते गांवों से आए आमंत्रितजन भी मौजूद थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री का 18 को होगा जोरदार स्वागत : जजपा नेता नगेन्द्र डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 18 नवम्बर को सोहना के रास्ते मेवात जाते वक्त सोहना के ऐतिहासिक गांव अलीपुर के बसअडडे पर और गांव रायपुर में जजपा कार्यालय पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उनकी अगुवाई में शानदार स्वागत करेंगे। उन्होने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मेवात दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि इस परिवार का मेवात से लगाव किसी से छुपा नही है। कई दशकों से यह परिवार आपसी प्रेम-प्यार को बढ़ावा देने के लिए ईद पर दावत-ए-ईद का बड़े पैमाने पर आयोजन करता आ रहा है और इस परिवार का सोहना व मेवात से बहुत ही विशेष लगाव रहा है। उपप्रधानमंत्री रहे जननायक ताऊ देवीलाल चाहे प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अथवा उपप्रधानमंत्री बने, उनके कार्यकाल में देश व प्रदेश की सत्ता दिल्ली व चंडीगढ़ की बजाय सोहना की पहाडिय़ों में बैठकर चलती थी। उन्होने बताया कि उपरोक्त जजपा नेता 6 दिसम्बर को जजपा के स्थापना दिवस पर इस बार महेन्द्रगढ़ में आयोजित हो रही राज्यस्तरीय रैली का निमंत्रण क्षेत्र के लोगों को देने के लिए 18 नवम्बर को सोहना और नूंह में आ रहे हैं। साथ ही उन्होने दावा किया कि महेन्द्रगढ़ की यह रैली एक नया इतहास बनाएगी और इस रैली की कामयाबी के साथ ही राज्य में भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। यह रैली भीड़ के हिसाब से अब तक की पिछली तमाम रैलियों का रिकार्ड तोड़ देगी।

बालदिवस पर जरूरतमंद बच्चों में वितरित किए उपहार : शिक्षाविद नरेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने बाल दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को क्षेत्र में कई स्थानों पर स्थित झुग्गी-झोपडियों में जाकर जरूरतमंद बच्चों के बीच जरूरत का सामान और उपहार वितरित किए। साथ ही बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा व नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि आज के युग में उच्च शिक्षा बहुत ही जरूरी है। इससे पूर्व एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने विद्यालय परिसर में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में मौजूद रहकर प्रतिभागी विद्यार्थियों की हौसलाअफजाई की और कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहते हुए बुजुर्गों, अपाहिजों, बेसहाराओं, जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए क्योकि जरूरतमंद की सेवा प्रभु की सेवा समान होती है।

लोक आस्था का प्रतीक है महापर्व छठ पूजा : मनोज राघव बजरंगी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी का कहना है कि छठ पूजा महापर्व लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

लैबर्नम पब्लिक स्कूल भौंड़सी में हुआ 'टिवनिंग ऑफ स्कूलस प्रोग्राम" : पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षा के आदान-प्रदान और सहयोगात्मक अधिगम (कोलैबोरेटिव लर्निंग) को बढ़ावा देने के उददेश्य से एक विशेष 'टिवनिंग ऑफ स्कूलस प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उददेश्य विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करना, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से जोडऩा था। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में भोंडसी स्थित शहीद सूबेदार कुमारपाल सिंह राघव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने लैबर्नम पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया और लैबर्नम विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत के पश्चात अतिथि विद्यार्थियों ने स्कूल की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और शिक्षण केंद्रों का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। इस दौरान छात्रों ने स्पेस लैब में खगोल विज्ञान की बारीकियों तथा ब्रह्मांड के रहस्यों को समझा, वही विज्ञान प्रयोगशालाओं (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) में गति, प्रकाश, ऊर्जा के सिद्धांतों, रोचक रासायनिक अभिक्रियाओं तथा सूक्ष्मदर्शी की सहायता से जीवन की सूक्ष्म संरचनाओं का प्रत्यक्ष व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इसके साथ ही, कंप्यूटर लैब में डिजिटल तकनीक के नवीनतम आयामों से परिचित होकर तथा पुस्तकालय में ज्ञानवर्धक पुस्तकों के समृद्ध संग्रह का अवलोकन कर उन्होंने स्वाध्याय की प्रेरणा ली। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के उपरान्त सभी विद्यार्थियों ने खेल के मैदान में मैत्रीपूर्ण खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा वह अनमोल दीपक है, जिसे जितना बांटा जाए, उसका प्रकाश उतना ही फैलता है। जब विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एक साथ आकर सीखते हैं, तो उनके विचारों को नई दिशा और सपनों को नई उड़ान मिलती है। इस मौके पर बोलते वक्त लैबर्नम विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने अतिथि छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढऩे के समान अवसर मिलें। विज्ञान, तकनीक और खेलों का यह अनूठा संगम छात्रों में आत्मविश्वास का संचार करता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आज का यह अनुभव उनके भीतर जिज्ञासा और सीखने की एक नई ललक जगाएगा। अंतत: यह शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोगात्मक शिक्षा की दिशा में एक अत्यंत सार्थक कदम सिद्ध हुआ। लैबर्नम पब्लिक स्कूल भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे रचनात्मक और ज्ञानवर्धक प्रयासों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। अंत में सभी ने जलपान ग्रहण किया ।

भगवान श्रीकृष्ण के यदुवंश की गौरवशाली परंपरा का वाहक है यादव समाज : राजीव यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि राष्ट्रीय टेलीविजन पर आरएसएस विचारक संगीत रागी द्वारा यादव समाज के प्रति की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर देश भर में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों में यादव समाज के लोग सडक़ों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। उनका कहना है कि यादव समाज का इतिहास हजारों वर्षों की गौरवशाली परंपरा, त्याग, बलिदान, वीरता, धर्म और राष्ट्रभक्ति से जुड़ा हुआ है। ऐसे समाज के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर यादव-अहीर समाज के लोगों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि देश-दुनिया में सदियों से यादव समाज की पहचान भगवान श्रीकृष्ण और बलराम जी की महान परंपरा से जुड़ी हुई है। भगवान श्रीकृष्ण यदुवंश के महान विभूति थे, जिन्होंने धर्म, न्याय, नीति और कर्म का संदेश देकर संपूर्ण मानवता को जीवन जीने की प्रेरणा दी। महाभारत में श्रीमदभगवतगीता के माध्यम से दिया गया उनका उपदेश आज भी पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। वहीं बलराम जी शक्ति, पराक्रम, साहस और धर्म की रक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। यदुवंश की इसी गौरवशाली परंपरा ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को विशिष्ट पहचान प्रदान की है। पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि अहीर-यादव समाज केवल अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने अतुलनीय योगदान के लिए भी जाना जाता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजाद भारत की सीमाओं की रक्षा तक समाज के वीर सपूतों ने हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर देश की सेवा की है। रेजांगला के ऐतिहासिक युद्ध सहित अनेक सैन्य अभियानों में यादव वीरों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान की गाथाएं भारतीय सैन्य इतिहास का गौरव हैं। इतना ही नही देश की आजादी, सुरक्षा, सामाजिक विकास और राष्ट्रीय एकता में यादव समाज की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। जिस समाज की सांस्कृतिक जड़ें भगवान श्रीकृष्ण के यदुवंश से जुड़ी हों और जिसके वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया हो, उस समाज के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि इस पूरे मामले में देश भर में यादव समाज का आक्रोश लगातार सामने आ रहा है। पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव का कहना है कि इतने व्यापक विरोध और शिकायतों के बावजूद सत्ता में बैठे जिम्मेदार लोगों की ओर से अभी तक संगीत रागी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे समाज की नाराजगी और बढ़ रही है। वक्त की मांग है कि सबसे पहले संगीत रागी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए और दूसरी, उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पद से बर्खास्त किया जाए। उन्होने कहा कि यादव समाज ने सदियों से धर्म, संस्कृति, देश और समाज के सम्मान की रक्षा की है।

विद्यालयों के समय में 16 से बदलेगा पढ़ाई का समय : शिक्षाविद मामराज डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव अलीपुर में रहने वाले शिक्षाविद और सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर ने बताया कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने निजी और सरकारी विद्यालयों के समय में बदलाव का निर्णय लिया है। स्कूलों का समय 16 नवंबर से बदलेगा। उन्होने बताया कि 16 नवंबर से विद्यालयों का समय सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 3 बजे तक रहेगा। उन्होने बताया कि हरियाणा शिक्षा निदेशालय द्वारा लिए गए ताजा-ताजा निर्णय से सभी सरकारी व निजी स्कूलों के मुखियाओं को अवगत कराने के लिए इस बारे में शिक्षा निदेशालय ने प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को प्रपत्र के माध्यम से निर्देश दिए है कि सर्दकालीन ऋतु को देखते हुए सभी निजी व सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के लिए समय में बदलाव किया गया है। यदि किसी सरकारी विद्यालय में डबल शिफ्ट में पढ़ाई कराई जा रही है तो उस स्कूल में पहली शिफ्ट में सुबह 7 बजकर 55 मिनट से दोपहर साढ़े 12 बजे तक कक्षाएं लगेगी जबकि दूसरी शिफ्ट दोपहर 12 बजकर 40 मिनट से शाम सवा 5 बजे तक चलेगी। गांव अलीपुर में रहने वाले शिक्षाविद और सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर ने बताया कि सभी निजी और सरकारी विद्यालयों के समय में 16 नवम्बर से किया गया यह बदलाव अगले वर्ष के 15 फरवरी तक लागू रहेगा।

रिश्तों की आत्मीयता और विरासत का भावुक उत्सव छठ पूजा महोत्सव : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी का कहना है कि छठ महापर्व सूर्य उपासना और पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही आस्था, रिश्तों की आत्मीयता तथा विरासत का भावुक उत्सव है। इस महोत्सव में सूप सौंपने में संस्कारों का उत्तराधिकार, टोकरी उठाने में मनौतियों की कृतज्ञता और हर अघ्र्य में परिवार की एकजुटता नजर आती है। इनेलो नेता चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

आरबीएसएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन : भागीरथ राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अरावली, नीलगिरि, सतपुड़ा और विंध्याचल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में चारों सदनों का भव्य मार्च पास्ट आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने अनुशासित कदमताल और शानदार तालमेल के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत कर एकता, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के बाद खेल मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मौजूद विद्यार्थियों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए आरबीएसएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष भागीरथ राघव एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों को जीवन में चुनौतियों का सामना करने और लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। खेल के मैदान में सीखी गई टीम भावना, धैर्य और निरंतर प्रयास की सीख जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होती है। विद्यालय निर्देशिका श्रीमती विमला राघव एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका भारद्वाज ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, रिले रेस, शॉट पुट, लॉन्ग जंप और हाई जंप सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। चारों सदनों के खिलाडिय़ों ने उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर आरबीएसएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष भागीरथ राघव एडवोकेट, निर्देशिका श्रीमती विमला राघव, प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका भारद्वाज, खेल प्रशिक्षक, शिक्षकगण एवं अभिभावक मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

खाद्य पदार्थों में पाई गई मिलावटखोरी-बादाम बर्फी, पनीर, खोया, मिठाई से लेकर घी तक के सैंपल आए फेल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। बिना खाद्य पदार्थों के प्राणी का जीवन नही है लेकिन जब खाद्य पदार्थ सुरक्षित ना हो तो ठीक स्वास्थ्य की कल्पना कैसे की जा सकती है। जिसका उददेश्य लोगों को खराब व दूषित खानपान के प्रति जागरूक करना होता है लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की दीवाली और उससे पहले बाजार में हलवाईयों और विभिन्न दुकानों पर भरे गए सैंपलों की आई रिपोर्ट पर नजर डाले तो रिपोर्ट बता रही है कि आपके घर में खाने-पीने की जो चीजें पहुंच रही है, वह तनिक भी शुद्ध नही है। दूध से बने उत्पादों में मिठाई, केक, पनीर, छैना, क्रीम, खोया और दूध, बादाम बर्फी तथा मिठाई से लेकर देशी घी तक के भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट फेल आने से जाहिर है कि बाजार में मिलावटखोरों का बोलबाला है, जो ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने से बाज नही आ रहे है। जांच के दौरान पनीर के सैंपल में प्रोटीन के पाए जाने वाले सेपलीमेंट कम मिले है तो खोया का नमूना भी जांच के दौरान फेल आया है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिलावटी वस्तु बेचने वाले जिन दुकानदारों के भरे गए सैंपल सबस्टैंडर्ड, अनसेफ मिस ब्रांडेड और खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत पाए गए है, उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जारी किए गए नोटिसों का जवाब प्राप्त होने के बाद मिलावटी वस्तु बेचने वाले पहचान में आए इन दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जो भी दुकानदार जारी नोटिसों का समय पर जवाब नही देगा, उसका मामला अदालत में दायर किया जाएगा। अहम बात यह है कि चंद दिनों पहले दीवाली के त्यौहार और उससे पहले मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की छापामार टीम ने जब खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से विभिन्न वस्तुओं के सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए। बावजूद इसके आज भी विभिन्न स्थानों पर बाजारों में डिब्बा बंद घी, खुले दूध और मिलावटी देशी घी की बिक्री हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ताईस अक्टूबर को यहां सेक्टर सैंतीस स्थित बीकानेर स्वीटस एंड रेस्तरा से बादाम खोया बर्फी का लिया गया नमूना जांच में अनसेफ घोषित किया गया है तो हरिनगर स्थित फार्मफ्रेश डेयरी से पनीर व खोया के लिए गए नमूने दोनों सबस्टैंडर्ड मिले है। इतना ही नही मुनफेड डेयरी फूडस और सूरज डेयरी एवं रसगुल्ला भंडार से पनीर के लिए गए नमूने भी गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर खरे नही उतरे तो लक्ष्मीनारायण ट्रेडर्स से घी का लिया गया नमूना भी जांच में सबस्टैंडर्ड मिला है। आंकड़ों पर नजर डाले तो इक्कीस से अठाईस अक्टूबर के बीच सोहना समेत जिले भर में खाद्य पदार्थों के भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट में कई खाद्य पदार्थ गुणवत्ता मानकों पर सही नही उतरे है और भरे गए सैंपल जांच में फेल आए है। संबंधित विभाग को प्रयोगशाला से अभी और भी काफी सैंपलों की जांच रिपोर्टों का इंतजार है। मुख्यमंत्री उडनदस्ते में कार्यरत इंस्पेक्टर सुरेश चंद और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने के लिए आगे जांच अभियान और तेजी से चलेगा। शहर हो या गांव हर जगह से खानपान की वस्तुओं के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे। दूध डेयरियों, हलवाईयों, परचून सामान विक्रेताओं, मक्खन, घी, दूध, दही विक्रेताओं पर उनका विशेष फोकस रहेगा। यहां पर वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद काफी लोग पौष्टिक भोजन का महत्व समझने लगे है। घरों के साथ-साथ विवाह-शादियों और तीज-त्यौहारों पर लोग अब दाल-चपाती, हरी सब्जी और सलाद को तरजीह दे रहे है तथा बर्गर, पिज्जा, पैटीज, कोल्डड्रिंक व पैकिट बंद सामग्री से लोग परहेज बरत रहे है। अपने बच्चों को भी इन चीजों के सेवन की लत छुड़ाने के लिए लोग जागरूक बन रहे है। वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि स्वस्थ व निरोगी जीवन जीने के लिए जरूरी है कि प्रतिदिन योगा करे। घर में ही हरी सब्जी, सलाद और विभिन्न सामग्री घर में ही बनाकर उपयोग में लाए। रिफाइंड, चीनी, रिफाइंड फ्लोर आदि का प्रयोग करने से बचे। नारियल पानी, नींबू पानी, शिकंजी, दही की लस्सी, दही, खीरा, तरजबू, खरबूज, सलाद व हरी सब्जियों का सेवन करे। प्रतिदिन दिन में एक बार कोई ना कोई दाल जरूर खाए।

छठ पूजा में सूर्य और छठी मैया की पूजा का विशेष महत्व : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और नगरपरिषद में उपाध्यक्ष रहे पंकज सिंगला का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। भाजपा नेता व नगरपरिषद में उपाध्यक्ष रहे पंकज सिंगला ने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था। तभी से छठ मैया की पूजा सभी नर-नारी बहुत ही श्रद्धापूर्वक करते चले आ रहे है।

भगवान सूर्यदेव की आराधना का प्रतीक छठ पर्व : सतेन्द्र गर्ग बंटी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बताया कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था। इस मौके पर सोहना मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल, लायंसक्लब सोहना सिटी के प्रधान लायन आशीष गर्ग, शिक्षाविद मास्टर अनिल वशिष्ठ, लाला देशराज गोयल, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि प्रमुखजनों समेत समाज के लोग खासी तादाद में मौजूद रहे।

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक छठ पर्व : भाजपा नेता दिनेश शर्मा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

छठ पूजा उत्सव अपनी जड़ों से जुडऩे विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम : मोहित खटटर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े और बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने बताया कि छठ का त्यौहार ऐसा त्यौहार है, जिसमें ना केवल सूर्य उपासना और लोक आस्था होती है बल्कि यह त्यौहार अपनी जड़ों से जुडऩे, परिवार के साथ होने और विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बनता है। उन्होने बताया कि छठ पर्व की परम्पराएं किसी किताब के पन्नों में नही बल्कि मां के हाथों की सीख, दादी की बताई गई कहानियों, सासु मां के अनुभवों और बहू-बेटियों की श्रद्धा को जीवंत रखते हुए नई पेरणा और सीख देता है। बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने बताया कि कभी जो हाथ अपनी सास के साथ प्रसाद बनाना सीखते थे, वही हाथ फिर अगली पीढ़ी को परम्पराओं का अर्थ समझाते है। सिर पर देउरा उठाए छठ पूजा के लिए घाट की ओर बढ़ते पुरूष हो या निर्जला व्रत में संकल्प साधती महिलाएं, हर कोई इस आस्था का सहभागी होता है। उन्होने बताया कि छठ की परम्पराओं में सूप सौंपने की रस्म का विशेष भावनात्मक है। जब उम्र बढने या स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण कोई बुजुर्ग महिला खुद व्रत रखने में असमर्थ होने लगती है, तब परिवार की परम्परा आगे बढ़ाने के लिए वह अपनी बहू या बेटी को व्रत की जिम्मेदारी सौंपती है।

जीवन में डूबते सूरज का भी उतना ही सम्मान करे जितना उगते सूरज का : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने प्रकृति के महापर्व छठ मैया महोत्सव के 4 दिवसीय उत्सव के शुक्रवार से शुभारंभ पर क्षेत्र, प्रदेश व देशवासियों को बधाई दी है। उन्होने कहा कि छठ पूजा महोत्सव केवल एक त्यौहार नही बल्कि भावना, परिवार के रिश्तों को मजबूत करने का उत्सव है। उन्होने बताया कि छठ पूजा महोत्सव में ना सोने-चांदी के आभूषणों की जरूरत होती है और ना ही किसी मंदिर की, ना किसी मूर्ति की और ना दिखावे की। छठ पूजा के अपने अनुभवों को अस्पताल के रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्टॉफ के साथ सांझा करते हुए एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि मिटटी का चूल्हा, गुड की मिठास, ठेकुए की खुशबू, बांस का सूप और पानी से भरी नदी का किनारा ही इस महापर्व की असली खूबसूरती है। 4 दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें प्रकृति के और ज्यादा करीब लाता है। साथ ही प्राणियों को यह पर्व यह भी सीख देता है कि जीवन में डूबते सूरज का भी उतना ही सम्मान होना चाहिए, जितना उगते सूरज का। उन्होने बताया कि इस 4 दिवसीय महापर्व के दौरान चारों दिन 4 अलग-अलग परम्पराएं पूरी श्रद्धा और शुद्धता के साथ निभाई जाती है। ठेकुआ केवल प्रसाद नही छठ की विशेष पहचान है। गेहूं के आटे, गुड़, घी से तैयार होने वाला यह पारम्पारिक पकवान हर श्रद्धालु के घर में विशेष रूप से बनाया जाता है। इसे बनाने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है और ठेकुआ की खुशबू से ही छठ का माहौल बनना शुरू हो जाता है।

शिवनगरी सोहना में शुरू हुआ खंडस्तरीय छठ पूजा उत्सव

सोहना में आस्था के महापर्व छठ की नहाय-खाय के साथ आज से हुई शुरूआत

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था के प्रतीक छठ पूजा की शुरूआत शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ हो गई है और श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय के साथ पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्होने नहाय-खाय से छठ पर्व की शुरूआत कर सूरज को अघ्र्य दिया। छठ पूजा कर रहे विनोद शुक्ला, बीरमनी सिंह, प्रमोद कुमार पांडे, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामायसा वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा, विजयप्रकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला आदि ने बताया कि छठ पूजा 4 दिन चलने वाला पर्व है। उन्होने बताया कि छठ पर्व में प्रकृति पूजा का संदेश छिपा है। पूजा के प्रयोग में आने वाली सामग्री से पर्यावरण को नुकसान नही पहुंचता है बल्कि प्रयोग की गई सामग्री से प्रकृति का जुड़ाव होता है। जैसे कि पूजा में बांस की टोकरी, सूप, देउरा, मिटटी के बर्तन और दीए व फल लेकर श्रद्धालु लोकगीत गाते हुए तालाब, नदी अथवा बनाए गए घाट पर जाकर सूर्य की पूजा कर अघ्र्य देते है। छठ पर्व प्रकृति, जीव-जंतु और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। इसमें सूर्य को पूजा जाता है, जो ऊर्जा का अक्षय स्त्रोत भी है और सभी ऋतुओं का आधार भी सूर्य देवता ही है। उन्होने बताया कि छठ पूजा में सफाई पर खास ध्यान दिया जाता है। गुड़, गन्ना, सिंघाड़ा, नारियल, केला, नींबू, हल्दी, अदरक, सेब और ठेकुआ से बना प्रसाद ठंड में काफी लाभदायक होता है। पूजा में सुपारी, साठी का चावल, छोटी जमीरी व मूली का भी प्रयोग होता है। नई फसल का प्रसाद



बनाया जाता है। विनोद शुक्ला, तारकेश्वर सिन्हा और देवदत्त शर्मा एडवोकेट, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, कृष्ण सैनी, गांव सिरसका में रहने वाले भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना, भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर हरीश नंदा राजू, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे व छठ मैया के परम भक्त सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी गौरव खटाना व सागर खटाना ने बताया कि छठ पूजा होते ही अस्थाई रूप से बनाए गए तालाब को मिटटी से भर दिया जाता है। इससे पहले किसी टब, तालाब अथवा घाट में भरे स्वच्छ पानी में श्रद्धालु खड़े होकर अघ्र्य देते है। यहां पर किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, भाजपा नेता महेन्द्र डागर जखोपुर, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल सोनू, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े छठ मैया के परम भक्त डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला, पुस्तक विक्रेता संघ से जुड़े एडवोकेट नितेश सैनी, लोकेश अग्रवाल निरंकारी आदि ने बताया कि क्षेत्र में छठ पूजा महापर्व को लेकर बिहार और पूर्वांचल प्रदेशों से यहां आकर प्रवासी परिवारों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। छठ महापर्व से अनेकता में एकता की भावना बलवती होती है। उन्होने बताया कि छठ पूजा में घी और गुड से मिश्रित प्रसाद को ठेकुआ कहा जाता है। इसके अतिरिक्त केला, नीबू, नारियल, अदरक, गन्ना, नारियल, कच्ची हल्दी, कलावा, कपूर, सूतनी, लाल चावल, उड़द की दाल, सिंदूर, सरल, कलम गट्टा, जौ, सीताफल, सूप और मौसमी फल भी शामिल किए जाते है। यहां पर खेलस्टेडियम में आयोजित होने वाली छठ पूजा आयोजन समिति से जुड़ी महिला समाजसेविका नगरपार्षद वेदकला शर्मा ने बताया कि छठ पूजा का उल्लेख प्राचीन धर्म ग्रंथों में भी पाया जाता है। एक मान्यता के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम और माता सीता ने व्रत रखकर भगवान सूर्यदेव की आराधना की और सप्तमी को सूर्योदय के समय पुन: अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद लिया था। तभी से छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाने लगा। उन्होने बताया कि इस व्रत की चर्चा श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मावर्वत पुराण, देवी पुराण आदि प्राचीन ग्रंथों में विस्तार से है। ऋग्वैदिक काल से सूर्य उपासना होती आ रही है। मध्यकाल से छठ पूजा व्यवस्थित रूप से प्रचलन में आई। उन्होने बताया कि महाभारत काल में कर्ण सूर्यदेव की पूजा करते हुए सूर्य की कृपा से महान योद्धा बने थे। कालखंड में पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने सूर्य की पूजा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना से की थी। उन्होने कहा कि सूर्य को शक्ति का देवता माना गया है। सूर्य की आराधना काफी महत्व रखती है। ऐसी मान्यता है कि छठ मैया सूर्य भगवान की बहन है। उनको प्रसन्न करने के लिए जीवन में सूर्य और जल की सर्वाधिक महता मानते हुए सूर्य की आराधना पवित्र जल में खड़े होकर की जाती है।

डीएलएसए ने भौंड़सी के स्कूल में छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के प्रति किया जागरूक : नितिन अग्रवाल एडवोकेट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), गुरुग्राम की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भोंडसी में पॉक्सो अधिनियम को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए अध्यक्ष नरेंद्र सुरा के निर्देशन में आयोजित किया गया। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि इस शिविर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निशा ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करना और ऐसे मामलों में बाल पीड़ितों के लिए सुरक्षित एवं बाल-अनुकूल न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि इस मौके पर बोलते हुए उन्होने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार या घटना की स्थिति में बच्चों को बिना किसी डर या झिझक के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। ऐसी घटनाओं की सूचना संबंधित प्राधिकारियों तक पहुंचाना भी आवश्यक है। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि लगाए गए शिविर के दौरान विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और आपातकालीन सहायता नंबर-112 की जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर 24 घंटे सहायता उपलब्ध है। किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार, शोषण या उत्पीडऩ की स्थिति में इस नंबर पर संपर्क कर मदद प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थियों को आवश्यकता पडऩे पर बिना किसी भय या संकोच के इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

भाजपा सरकार दे रही किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर अनुदान : हरीश नंदा राजू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर और भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत 45 एचपी या इससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ लेने के लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र किसान विभाग के पोर्टल पर 15 नवंबर से 15 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर और भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) के चेयरमैन एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके अलावा किसान के परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में परिवार के किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि होना आवश्यक है। कृषि भूमि का राजस्व विभाग से सत्यापन करवाकर आवेदन करने के समय उसका विवरण ऑनलाइन अपलोड करना होगा। हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर और भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि आवेदन के साथ परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, घोषणा पत्र तथा अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर ट्रैक्टर खरीद के लिए अनुदान प्राप्त किया गया है तो संबंधित किसान इस योजना के तहत अनुदान का पात्र नहीं होगा। उन्होने पात्र अनुसूचित जाति के किसानों से आग्रह किया कि वे योजना की शर्तों को ध्यानपूर्वक पढक़र निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें तथा सरकार की इस योजना का लाभ उठाए।

सोहना में जमीन बेचने के नाम पर 60 लाख की ठगी-पुलिस ने किया मामला दर्ज

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना के गांव साचौली में जमीन बेचने के नाम पर 60 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब पीड़ित पक्ष ने सोहना देहात पुलिस थाने में लिखित शिकायत देकर आपबीती बताई और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने ठगी का आरोप दो आरोपियों पर लगाया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ भादस की जरूरी धाराओं के तहत नामजद आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर दृष्टिकोण से गहराई से जांच पुलिस कर रही है। जांच में जो-जो भी दोषियान मिलेंगे, पुलिस उन्हे जल्द गिरफ्तार करेंगे। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव ने बताया कि गांव वजीराबाद के रहने वाले नरेश कुमार ने दी गई शिकायत में बताया कि उसने गांव खोह में रहने वाले ओमप्रकाश और उसके पुत्र धीरज यादव को 30 लाख रुपए उधार दिए। जिसके बदले में उन्होने अपनी जमीन का फुल एंड फाइनल पेमेंट एग्रीमेंट जनवरी-2019 में किया था। जमीन सोहना के गांव साचौली में है। कुल हिस्सा 16 कनाल बताया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित ने जान-बूझकर धोखा देने की नीयत से कहा था कि 7 महीने में पैसा लौटा देंगे और पैसा वापिस नही दिया तो रजिस्ट्री करा लेना।

नरेश का कहना है कि इकरारनामे की शर्त के मुताबिक उसने 30 लाख रुपए ओमप्रकाश को दिए। रजिस्ट्री-बयनामा कराने का लालच देकर और अंतिम मियाद बढ़ाने के बहाने सितम्बर-2019 में दस लाख रुपए नकद और अक्टूबर-2019 में 10 लाख रुपए लिए। फिर दस लाख रुपए और ले लिए।

सोहना की सेंट्रल पार्क सोसायटी में निशुल्क महिला जांच शिविर आयोजित : मनिका जैन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर नगरपरिषद के वार्ड-दो के तहत लगने वाले सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली सोसायटी में शुक्रवार को रोटरीक्लब सोहना सेंट्रल के तत्वाधान में एक दिवसीय महिला जांच शिविर का आयोजन किया गया। रोटरीक्लब सोहना सेंट्रल की अध्यक्षा रोटेरियन मनिका जैन ने बताया कि मैक्स अस्पताल से आई महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मेमोग्राफी, पैप्स मेयर समेत महिलाओं से संबंधित विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच जरूरी परामर्श दिया। उन्होने बताया कि इस निशुल्क महिला जांच शिविर में डाक्टर साहिन खान, रेडियोलॉजिस्ट टैक्नीशियन डाक्टर प्रगति त्रिपाठी, डाक्टर पूनम, डाक्टर शैली, डाक्टर सोनाली, डाक्टर लक्ष्मी ने डाक्टर आयुष मित्तल की निगरानी में पंजीकृत की गई 50 महिलाओं की निशुल्क रूप में जांच की गई है।

अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा अनुदान : भाजपा नेता योगेश तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत 45 एचपी या इससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर अनुदान का लाभ लेने के लिए किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र किसान विभाग के पोर्टल पर 15 नवंबर से 15 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) के चेयरमैन एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके अलावा किसान के परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में परिवार के किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि होना आवश्यक है। कृषि भूमि का राजस्व विभाग से सत्यापन करवाकर आवेदन के समय उसका विवरण ऑनलाइन अपलोड करना होगा। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि आवेदन के साथ परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, घोषणा पत्र तथा अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत एक महत्वपूर्ण शर्त यह भी है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर ट्रैक्टर खरीद के लिए अनुदान प्राप्त किया गया है तो संबंधित किसान इस योजना के तहत अनुदान का पात्र नहीं होगा। उन्होने पात्र अनुसूचित जाति के किसानों से आग्रह किया कि वे योजना की शर्तों को ध्यानपूर्वक पढक़र निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें तथा सरकार की इस योजना का लाभ उठाए।

सरकार की 14 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट देने की आवश्यकता नही : डाक्टर सतीश जुनेजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि जिला में हरियाणा सरकार की 14 विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित विभाग की 14 विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की औपचारिकता से छूट प्राप्त है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की अनिवार्यता हरियाणा सरकार के कोषागार एवं उप-कोषागार कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए है। ऐसे पेंशनर अपने संबंधित खजाना अथवा उप-खजाना कार्यालय में 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा वे स्मार्टफोन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी तैयार कर सकते हैं। बीमार एवं बुजुर्ग पेंशनर, जो कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, वे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के माध्यम से घर बैठे यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि कोषागार एवं उप-कोषागार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन तथा समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं अलग-अलग श्रेणियां हैं।

इसलिए समाज कल्याण विभाग की 14 योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

छठ पूजा उत्सव को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़-सजे बाजार-महंगी हुई पूजन सामग्री

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर में दुकानें सज गई है। छठ पर्व को लेकर पूजा सामग्री की खरीददारी शुरू हो गई है। छोटी-छोटी अस्थाई दुकानों पर भी छठ पूजन सामग्री ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में बनाए गए अस्थाई छठ पूजा घाट के पास भी छठ पूजा सामग्री की खोली गई 2 दुकानों पर श्रद्धालु जमकर पूजा सामान की खरीददारी कर रहे है तो शिवनगरी सोहना शहर के बाजारों में विभिन्न परचून की दुकानों के साथ-साथ भौंड़सी, नयागांव ग्रामपंचायत के तहत लगने वाली विभिन्न 26 कॉलोनियों में छठ पूजा सामग्री खरीदने के लिए खरीददारों का उत्साह देखते ही बनता है। यहां पर किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, विपुल अग्रवाल, हरिओम सिंगला, नीरज सिंगला, हितेश गोयल, मुकेश सिंगला आदि कारोबारियों का कहना है कि इस बार खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। देउरा, सूप, नारियल से लेकर, सुपारी, धागा, मेवा और धूप समेत अन्य सामग्रियों की खरीददारी लोग कर रहे है लेकिन इस बार महंगाई की मार भी देखने को मिल रही है। जो सूप पहले तीस रुपए से 50 रुपए में मिलता था, इस बार उसकी कीमत बढ़ने से 80 से 100 रुपए में मिल रहा है तो दाउरा की कीमत भी 60 रुपए से बढ़कर 100 से 200 रुपए तक हो गई है। नारियल प्रति नग 30 रुपए से बढ़कर 80 रुपए का हो गया है तो 8 रुपए प्रति नग बिकने वाला सरीफा बीस से 30 रुपए प्रति नग बिक रहा है। तीस रुपए प्रति नग बिकने वाला गलगल 50 रुपए का मिल रहा है। पांच रुपए प्रति नग मिलने वाली सुथनी दोगुणे दामों पर बिक रही है तो गंगाजल भी इस बार दोगुणे दामों पर बिक रहा है। पकवान बनाने वाले सांचे की कीमत भी 40 रुपए से बढ़कर 80 रुपए हो गई है। प्रति पीस 4 रुपए मिलने वाली कच्ची हल्दी अब 10 रुपए प्रति पीस बिक रही है तो 35 रुपए किलो मिलने वाली शकरकंदी इस बार रिकार्ड तोड़ 90 से 100 रुपए प्रति किलो बिक रही है। छठ पूजा को लेकर बाजार सज गए है। सामान खरीददारों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है लेकिन इस बार पूजा की सामग्री और फलों की कीमतों में एकदम उछाल आया है। केला 60 रुपए दर्जन तो सेब 100 रुपए किलो, पपीता 80 रुपए किलो बिक रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूजा का पूरा बजट 5 से 6 हजार रुपए का बन रहा है। सोहना शहर के साथ-साथ भौंड़सी, नयागांव ग्रामपंचायत क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में छठ पूजा उत्सव को लेकर खासी धूम मची है। यहां पर नयागांव में रहने वाले छठ मैया के परम भक्त तथा भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष और नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी सागर खटाना, गौरव खटाना, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, भाजपा नेता पंकज सिंगला, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट, युवा समाजसेवी सरताज खटाना एडवोकेट, सचिन खटाना रिठौजिया, उधम खटाना रिठौजिया आदि ने बताया कि बिहार व उत्तरप्रदेश आदि सूबों से आकर यहां अपने परिवारों का भरण-पोषण करने वाले लोगों व परिवारों के बीच छठ पूजा उत्सव आयोजन को लेकर यहां पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां उत्सव आयोजन से जुड़े भारतीय जीवन बीमा निगम के सोहना कार्यालय में एसडीओ विनोद शुक्ला, बीरमनी सिंह, वरदान अस्पताल में एचआर हैड प्रमोद पांडे, सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामायसा वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा, विजयप्रकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला आदि लोगों ने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान सूर्य देव की आराधना और सूर्य देव को अघ्र्य देने का स्वर्णिम अवसर प्रदत करता है। उन्होंने बताया कि हिंदू चन्द्र मास में कार्तिक महीने में छठवें दिन छठ का त्यौहार श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गौरतलब यह है कि एक तरफ जहां इस क्षेत्र में बिहार, उत्तरप्रदेश के लोगों द्वारा छठ पूजा को लेकर पूजा-अर्चना उत्सव के लिए खासा उत्साह बना हुआ है। वही क्षेत्र में जगह-जगह छठ पूजा की तैयारियां श्रद्धालु भक्तों द्वारा की गई है। इसके अलावा शहर के खेलस्टेडियम में सामूहिक ढंग से छट पूजा उत्सव आयोजित किया गया है। भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी सागर खटाना, गौरव खटाना, रिठौज गांव में रहने वाले गुर्जर समाज सेवा समिति के प्रधान कामरेड प्रताप सिंह, बलराम सहजावास, सब्जीमंडी में खुदरा सब्जी कारोबारी पवन सैनी, कमल सैनी, नवीन सैनी तथा शहर में सब्जी का कारोबार करने वाले दीवान चंद सैनी, जीआईसी एजेंट कमल गुप्ता, बर्तन कारोबारी गौरव सिंगला, पूर्व नगरपार्षद रोहताश जैन, युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग आदि ने बताया कि छठ पूजा की शुरूआत के पहले दिन नहाए-खाय उत्सव का आयोजन होता है। श्रद्धालु सुबह-सवेरे स्नान उपरांत पूरा दिन निर्जल व्रत रखने, शाम के वक्त घरों में पकवान बनाते है। कोई मीठे चावलों से तो कोई फलों से अपना व्रत खोलेगा। अगले दिन शाम के समय गुड़, चावल से तैयार की गई खीर, जिसे रसिया कहा जाता है और देशी घी से चुपड़ी रोटी बनाकर प्रसाद रूप में ग्रहण करते हुए व्रत खोला जाएगा। तीसरे दिन श्रद्धालु निर्जला व्रत रखेंगे और अस्ताचलगामी सूर्य को अघ्र्य देंगे जबकि चौथे दिन सुबह उदित होते सूर्य भगवान को अघ्र्य देकर छठ पूजन का श्रद्धापूर्वक समापन होगा। महत्वपूर्ण यह है कि छठ पूजा उत्सव को लेकर यहां बाजारों में भीड़ उमड़ी हुई है।

छठ पूजा में सूर्य और छठी मैया की पूजा का विशेष महत्व : डाक्टर रामवीर गोस्वामी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक और सोहना मार्किटकमेटी मैंबर व संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। भाजपा नेता व संजीवनी अस्पताल निर्देशक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

बच्चों के जीवन की रक्षा का प्रतीक छठ पूजा महापर्व : चेयरमैन दयाराम लोहिया




सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन व भाजपा नेता चौधरी दयाराम लोहिया ने क्षेत्र, प्रदेश और देशवासियों को आज से शुरू हुए उपासना पर्व छठी मैया महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। भाजपा नेता व चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

आज होने वाले अग्र अलंकरण समारोह में लेंगे बढ़-चढक़र हिस्सा : विजय अग्रवाल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के तत्वाधान में शनिवार, 14 नवम्बर को डाक्टर भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपद नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अग्र अलंकरण समारोह में सोहना, भौंडसी, बादशाहपुर और साथ लगते मेवात क्षेत्र समेत गुरूग्राम व मेवात दोनों जिलों से अग्र समाज के लोग सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि खुशी की बात यह है कि इस समारोह में अग्र विभूति और अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाली को इस बार का महाराजा अग्रसेन ग्लोबल अवार्ड देकर सार्वजनिक मंच पर सम्मानित किया जाएगा। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने बताया कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस समारोह में मुख्यातिथि रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार में राजस्वमंत्री विपुल गोयल व प्रदीप मित्तल समेत जानी-मानी हस्तियां विशेष रूप से शिरकत करेगी।

महाराजा अग्रसेन ग्लोबल अवार्ड से आज सम्मानित होंगे अशोक बुवानीवाला : अनिल गोयल मोंटू



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित डाक्टर भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपद में शनिवार, 14 नवम्बर को अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अग्र अलंकरण समारोह में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला को विशेष रूप से सार्वजनिक मंच पर आमंत्रित कर महाराजा अग्रसेन ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने क्षेत्र और प्रदेश के समूचे अग्रवाल वैश्य समाज की तरफ से अग्र विभूति अशोक बुवानीवाला को अग्रिम बधाई दी और बताया कि सोहना से अग्रवाल वैश्य समाज के कई सैकड़ों लोग उनकी अगुवाई में इस आयोजन में सपरिवार शामिल होंगे।

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक छठ पर्व : प्रताप खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गुर्जर समाज सेवा समिति के प्रधान कामरेड प्रताप सिंह खटाना रिठौजिया का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

बच्चों के जीवन की रक्षा का प्रतीक छठ पूजा महापर्व : समाजसेवी सुरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस ग्रुप होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव व युवा समाजसेवी मनीष यादव का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है।

18 को जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला का होगा जोरदार स्वागत : जजपा नेता दीपक डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 18 नवम्बर को सोहना के रास्ते मेवात जाते वक्त सोहना के ऐतिहासिक गांव अलीपुर के बसअडडे पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उनकी अगुवाई में शानदार स्वागत करेंगे। उन्होने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मेवात दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने बताया कि इस परिवार का मेवात से लगाव किसी से छुपा नही है। कई दशकों से यह परिवार आपसी प्रेम-प्यार को बढ़ावा देने के लिए ईद पर दावत-ए-ईद का बड़े पैमाने पर आयोजन करता आ रहा है और इस परिवार का सोहना व मेवात से बहुत ही विशेष लगाव रहा है। उपप्रधानमंत्री रहे जननायक ताऊ देवीलाल चाहे प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अथवा उपप्रधानमंत्री बने, उनके कार्यकाल में देश व प्रदेश की सत्ता दिल्ली व चंडीगढ़ की बजाय सोहना की पहाडिय़ों में बैठकर चलती थी। उन्होने बताया कि उपरोक्त जजपा नेता 6 दिसम्बर को जजपा के स्थापना दिवस पर इस बार महेन्द्रगढ़ में आयोजित हो रही राज्यस्तरीय रैली का निमंत्रण क्षेत्र के लोगों को देने के लिए 18 नवम्बर को सोहना और नूंह में आ रहे है। साथ ही उन्होने दावा किया कि महेन्द्रगढ़ की यह रैली एक नया इतहास बनाएगी और इस रैली की कामयाबी के साथ ही राज्य में भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। यह रैली भीड़ के हिसाब से अब तक की पिछली तमाम रैलियों का रिकार्ड तोड़ देगी।

सोहना के निमोठ गांव में ठेकेदारों की धोखाधड़ी और चोरी से बैंक कार्य बाधित-19 दिन बाद भी नीमोट पुलिस निष्क्रिय

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव निमोठ में रहने वाले ताराचंद प्रजापत ने निमोठ पुलिस चौकी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपने बैंक उकराई पैसा सर्वा हरियाणा ग्रामीण बैंक में पेंट कराने हेतु गाँव करंज निवासी दो व्यक्तियों—साबिर (पुत्र अख्तर) तथा नरेश (पुत्र सतवीर)—को 9,500 में ठेका दिया था और सारा सामान उपलब्ध कराया था। उन्होने बताया कि तेईस अक्टूबर, 2026 को आरोपियों को एक हजार रुपए की अग्रिम राशि (साई) दी गई। चौबीस अक्टूबर, 2026 को आरोपी स्थल पर पहुँचे, पेंट के डिब्बे खोले और उनमें रखे सभी इनामी कूपन/इनाम निकालकर बिना काम किए फरार हो गए। गांव निमोठ में रहने वाले ताराचंद प्रजापत ने बताया कि बैंक कर्मचारियों ने पेंट कार्य पूरा कराने के उद्देश्य से दो दिनों तक बैंक खोला था। आरोपियों के गायब रहने से काम अधूरा रहा और बैंक बंद रखना पड़ा, जिसके कारण बैंक अधिकारियों ने ताराचंद प्रजापत को कड़ी फटकार लगाई। परेशान होकर पीड़ित ताराचंद प्रजापत ने चौबीस अक्टूबर, 2026 को निमोठ पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दी थी, परंतु बारह नवंबर 2026 तक, यानी 19 दिन बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। आरोप है कि निमोठ चौकी के प्रभारी रूप में काम कर रहे सब-इंस्पेक्टर यह कहकर मामला टाल रहे हैं कि धोखाधड़ी और चोरी के मामले उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आते और जोकि पीड़ित ताराचंद प्रजापति के कूल्हे में बोर्न फैक्चर है। जिसके कारण चलने-फिरने में असमर्थ है (अपंग है) जिसका इलाज रोहतक पीजीआई से चल रहा है, इस पर ताराचंद प्रजापत ने उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

23 नवंबर को लगेगा रक्षा पेंशनरों के लिए 'स्पर्श आउटरीच कैंप" : भाजपा नेता धर्मबीर डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि सोहना हलका समेत समूचे गुरुग्राम जिला के सभी पूर्व सैनिकों तथा दिवंगत सैनिकों की पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे आश्रितों की सुविधा के लिए सोमवार, 23 नवंबर को जिला सैनिक बोर्ड, गुरुग्राम में 'स्पर्श आउटरीच कैंपेन' का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण), मेरठ की ओर से प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक लगाया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि कैंप के दौरान रक्षा पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को स्पर्श पोर्टल से संबंधित समस्याओं, पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं तथा अन्य आवश्यक जानकारियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पेंशनरों को लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) जमा करवाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होने बताया कि जिला सैनिक बोर्ड की ओर से गुरुग्राम जिला के सभी पूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों के पारिवारिक पेंशनरों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए सभी पेंशनर अपने साथ आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण/खाता संख्या, पीपीओ नंबर अथवा स्पर्श पीपीओ नंबर तथा मोबाइल फोन अवश्य लेकर आएं, ताकि आवश्यक प्रक्रिया सुगमता से पूरी की जा सके।

छठ पूजा में सूर्य और छठी मैया की पूजा का विशेष महत्व : शिक्षाविद गंगादान डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति अध्यक्ष तथा सतगुरू कबीर वंशावली मिशन धर्मनगर दामाखेड़ा के जनपद प्रतिनिधि मास्टर गंगादान डागर का कहना है कि छठ पूजा महापर्व बच्चों के जीवन की रक्षा और लोक आस्था का प्रतीक है। छठ का यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। उन्होने बताया कि पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अघ्र्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रती अपने व्रत को सम्पन्न करेंगे। उन्होने बताया कि 4 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में सूर्य और छठी मईया की पूजा की जाती है। यह व्रत छत्तीस घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। छठ पूजा महापर्व का समापन 16 नवम्बर को होगा। उनकी माने तो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लंकापति राजा रावण का वध करने के बाद श्रीराम जब पहली बार अयोध्या पहुंचे, उस समय भगवान श्रीराम व मां सीता ने राम राज्य की स्थापना के लिए छठ का उपवास रखा और भगवान सूर्यदेव की पूजा करते हुए अघ्र्य दिया था।

सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट देने की आवश्यकता नहीं : सन्नी पाहूजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी व बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा ने बताया कि जिला में हरियाणा सरकार की 14 विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित विभाग की 14 विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की औपचारिकता से छूट प्राप्त है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी व बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा ने बताया कि नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की अनिवार्यता हरियाणा सरकार के कोषागार एवं उप-कोषागार कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए है। ऐसे पेंशनर अपने संबंधित खजाना अथवा उप-खजाना कार्यालय में 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा वे स्मार्टफोन के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी तैयार कर सकते हैं। बीमार एवं बुजुर्ग पेंशनर, जो कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, वे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के माध्यम से घर बैठे यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी व बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा ने बताया कि कोषागार एवं उप-कोषागार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन तथा समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं अलग-अलग श्रेणियां हैं। इसलिए समाज कल्याण विभाग की 14 योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाने के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

विट इंजीनियरिंग कॉलेज में बाल दिवस के उपलक्ष्य में हुआ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती के उपलक्ष्य में 'विद्यार्थी उत्सव' का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति में महासचिव अभिमन्यु बोकन ने बताया कि इस अवसर पर फैंसी डेरस प्रतियोगिता व जलेबी, वेलून रेस, लेमन स्पून रेस आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं के अलावा विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया। इस मौके पर चाचा नेहरू के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ ताकि कॉलेज के विद्यार्थियों को ऐसे क्रांतिकारियों के ओजस्वी जीवन से प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए विट कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने उपस्थित विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराईयों को छोडऩे, अच्छाईयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिये जीये और समाज के लिए कुछ करके दिखलाये। पंडित जवाहरलाल नेहरू भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे। इसीलिये हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वयं निर्मित खाद्य पदार्थों, खानपान की वस्तुओं युक्त दुकाने लगाई और बाल मेले का भरपूर लुत्फ उठाया। कॉलेज में इन्टर हाऊस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ने तो उत्सव को अत्यंत रोचक व प्ररणादायक बना दिया।